यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 75- ● जबलपुर ● सोमवार, 17 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

## मल्लिकार्जुन खरगे का PM Modi को पत्र देशभर में कराई जाए जाति आधारित जनगणना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर एक खास मांग की है। उन्होंने देशभर में जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की है। खरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखा कि साल 2021 में नियमित दस वर्षीय जनगणना की जानी थी लेकिन यह नहीं हो पाई है। हम मांग करते हैं कि इसे तत्काल किया जाए और व्यापक जाति जनगणना को इसका अभिन्न अंग बनाया जाए। उन्होंने आगे लिखा कि मुझे आशंका है कि जातिगत जनगणना के अभाव में सामाजिक न्याय के कार्यक्रमों के लिए डेटा अधूरा है।

## भाजपा एससी मोर्चा के महासचिव को मारी गोली, जबड़े से आर-पार हुई बुलेट

**अमृतसर (पंजाब) एजेंसी।** पंजाब के अमृतसर में एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां प्रदेश भाजपा एससी मोर्चा के महासचिव बलविंदर गिल को रविवार की देर रात कुछ लोगों ने गोली मार दी। उन्हें पहले एक नजदीकी अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत देख अमृतसर के एक अन्य निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। वारदात की जानकारी मिलते ही एसपी जुगराज सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक बलविंदर गिल रविवार की रात अपने घर में आराम कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक उनके घर के बाहर पहुंचे।

# सूर्य से निकला खतरनाक प्लाज्मा, बन गई 1 लाख किमी ऊंची दीवार

■ वॉशिंगटन, एजेंसी।

हमारे सूर्य पर हमेशा हलचल होती रहती है। सूर्य की सतह से अब एक विशालकाय प्लाज्मा निकला है, जो देखने में झरने जैसा लगता है। अंतरिक्ष की तस्वीरें खींचने वाले एस्ट्रोग्राफर एडुआर्डो शाबर्गर पोपेउ ने इसकी तस्वीरें खींची है। 9 मार्च को उन्होंने यह तस्वीर खींची, जिसमें सूर्य पर एक प्लाज्मा की दीवार दिखाई दे रही है। ये सतह से लगभग 1 लाख किमी ऊपर तक अंतरिक्ष में निकली। स्पेसवेदर डॉट कॉम के मुताबिक यह इतना बड़ा था कि 8 पृथ्वी एक साथ आ जाएं। बाद में यह प्लाज्मा वापस सतह पर आ जाती है, जिसके कारण इसका नाम वॉटरफॉल यानी झरना दिया गया। पोपेउ ने कहा, मेरी कंप्यूटर स्क्रीन पर देखने से लग रहा था कि यह प्लाजमा के सैकड़ों धागे हैं। मैं इसे देखकर हैरान था। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह प्लाज्मा 36,000 किमी प्रति घंटे की स्पीड से गिरा। प्लाजमा के ये हिस्से पृथ्वी पर दिखाई देने वाले अरोरा की तरह हैं। इसे ध्रुवीय मुकुट भी कहा जाता है।

### अंतरिक्ष की ओर निकलते हैं प्लाज्मा

सूर्य के यह प्लाज्मा बेहद गर्म होते हैं जो सूर्य से उठ कर अंतरिक्ष की ओर बढ़ते हैं। लेकिन जब यह सूर्य के ध्रुवों के पास होते हैं तो चुंबकीय क्षेत्र इतने मजबूत होते हैं कि अंतरिक्ष की ओर जाने की बजाय यह बहुत तेजी से सूर्य पर वापस आती है। ध्रुवों के करीब होने से नासा इसकी तुलना पृथ्वी के अरोरा से करते हैं। हालांकि रंगीन रोशनी की जगह सूर्य के ध्रुव अंडाकार प्लाज्मा की डांसिंग शीट से भरे हैं।



### सौर चक्र अपने चरम पर

हमारा सूर्य इस समय अपनी चरम गतिविधि पर है, ऐसा इसलिए क्योंकि सूर्य का चक्र चल रहा है। हाल के दिनों में यह बेहद एक्टिव दिखा है। लगभग हर दशक में सूर्य के चुंबकीय ध्रुव अपनी जगह बदलते हैं। इसके अलावा सूर्य पर होने वाले सनस्पॉट भी घटते बढ़ते हैं। प्रत्येक सौर चक्र की शुरुआत में सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र अपेक्षाकृत शांत होता है और सनस्पॉट की संख्या कम होती है। जैसे-जैसे चक्र आगे बढ़ता है, चुंबकीय क्षेत्र जटिल होता जाता है।

## खंडवा में देर रात मोघट थाने पर पथराव, धारा 144 लगाई, पार्षद गिरफ्तार



■ खंडवा, ईएमएस।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने होगा थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। कहारवाड़ी वार्ड पार्षद के साथ आए लोगों ने द्वारा थाने पर पथराव किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। घटना की जानकारी लगने पर कलेक्टर और एसपी थाने पहुंचे। नगर निगम क्षेत्र में कलेक्टर ने धारा 144 लगा दी। पार्षद को गिरफ्तार किया गया। रात्रि करीब 11 बजे कहारवाड़ी वार्ड पार्षद अशफाक सीगड़ 17 वर्षीय किशोरी के साथ मोघट थाने पहुंचा। उसका कहना था कि किशोरी की तरफ से फिर से केस दर्ज किया जाए। दोपहर में उसने दबाव में केस दर्ज कराया था। अशफाक के साथ भीड़ भी थाने पहुंची। उन्होंने केस दर्ज करवाने के लिए हंगामा किया। इस बीच कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया। इस दौरान गांधी नगर के मुख्य गेट के पास मुस्लिम समुदाय के युवक के साथ मारपीट की घटना हुई। इसके बाद यहां दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। कुछ देर बाद थाने में मुस्लिम समुदाय के लोगों की फिर से भीड़ लगाना शुरू हुई। हंगामा करती भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। भीड़ को तितर-बितर कर दिया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि दोपहर में टी-बार की घटना में पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई थी।

**कर्नाटक चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका**

## कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार



■ बंगलुरु, एजेंसी।

कर्नाटक में बीजेपी को एक बड़ा झटका देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और प्रभावशाली लिंगायत नेता जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता सिद्धारमैया, केसी वेणूगोपाल, रणदीप सुरजेवाला और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। शेट्टार ने कुछ दिन पहले ही बीजेपी से इस्तीफा दिया था। अपने अगले कदम के बारे में बात करते हुए शेट्टार ने दावा किया था कि अब उनके लिए सभी विकल्प खुले हैं। हालांकि सोमवार को उन्होंने कांग्रसे का दामन थाम लिया। जगदीश शेट्टार को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया था जिससे वो नाराज थे। जिसके बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। कांग्रेस उन्हें अपनी ओर लाने की कोशिश में थी। कांग्रेस अपनी इस कोशिश में कामयाब हो गई है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद जगदीश शेट्टार ने कहा कि कल मैंने बीजेपी से अपना इस्तीफा दिया और आज मैं कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहा हूं। एक विपक्षी नेता के रूप में कई लोग हैरान हैं, पूर्व सीएमऔर पार्टी अध्यक्ष कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बीजेपी ने मुझे हर पद दिया है और पार्टी कार्यकर्ता होने के नाते मैंने हमेशा पार्टी के विकास के लिए काम किया है।

## मध्य प्रदेश में चुनाव की तैयारियां शुरू निर्वाचन आयोग ने मांगे अधिकारी-कर्मचारी

■ भोपाल, यशभारत।




मध्य प्रदेश में नवंबर में विधानसभा और मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी निर्वाचन आयोग ने प्रारंभ कर दी है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद अब राज्य सरकार से अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवाएं मांगी गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर अतिरिक्त, संयुक्त, उप और सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद के लिए अधिकारी देने के लिए कहा है। साथ ही सभी कलेक्टरों से कहा गया है कि वे चुनाव कार्य में लगाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का डाटा तैयार करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जुलाई-अगस्त में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य होगा। चुनाव से पहले यह सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि पूरे प्रदेश में संचालित की जाएगी। इसी सूची के आधार पर चुनाव कराए जाएंगे। इसके अलावा निर्वाचन से जुड़ी अन्य गतिविधियां भी अब तेज होंगी। इसके लिए अधिकारियों की पदस्थापना करने की मांग की गई है। वहीं, जिलों में निर्वाचन कार्य के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को चिन्हित करने के लिए कहा गया है। सितंबर-अक्टूबर में इनका प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिलों में पांच से दस प्रतिशत तक अतिरिक्त कर्मचारी चुनाव कार्य के लिए रखे जाएंगे ताकि चुनाव कार्य किसी भी सूरत में प्रभावित न हो।

## कोरोना मरीजों की संख्या 60 हजार के पार, 24 घंटे में मिले 9111 नए केस, 24 लोगों की मौत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देशभर में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. यहां पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 संक्रमण के 9111 नए केस दर्ज किए गए, वहीं इस दौरान 24 लोगों की इस संक्रमण से मौत हो गई. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी ताज़ा आकंड़ों के मुताबिक, इन नए मामलों के सामने आने के साथ ही देश में कोरोना वायरस के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 60,313 तक पहुंच गई है.हालांकि कोरोना संक्रमण के नए मामलों को देखें तो रविवार के मुकाबले सोमवार को इसमें थोड़ी कमी आई है. रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 10,093 नए मामले सामने आए थे, जो सोमवार से करीब 100 ज्यादा थे. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार



सुबह जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 से 24 और संक्रमितों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 531141 पर पहुंच गई। इन आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान गुजरात में 6, उत्तर प्रदेश में 4, दिल्ली और राजस्थान में 3-3, महाराष्ट्र में दो तथा बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हुई है, जबकि केरल ने कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करते हुए वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले रोगियों की लिस्ट में एक और नाम जोड़ा है।

## नांगलोई इलाके में सिलेंडर ब्लास्ट, धमाके से ढहा घर, 8 लोग घायल


■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली के नांगलोई इलाके में एक घर में रखा सिलिंडर में ब्लास्ट हुआ। इसकी वजह से पूरा घर ढह गया और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पुलिस और फायर सर्विस के लोगों की मदद से निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये घटना नांगलोई रोड के कुंवर सिंह नगर की गली नंबर 10 के ष ब्लॉक में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस फौरन मौके पर पहुंच गई और राहत कार्य शुरु किया। पुलिस के मुताबिक उन्हें सुबह तकरीबन सवा 5 बजे इसकी सूचना मिली। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ष्टस्न्रस् टीम की मदद से 8 लोगों को रेस्क्यू किया और उन्हें तत्काल अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना की वजह अबतक सिलेंडर ब्लास्ट होने की बताई जा रही है। संयोग से आग नहीं लगी और लोगों को बचाया जा सका। दिल्ली में एक अन्य हादसे में टैगोर गार्डन में बगल की बिल्डिंग की खुदाई में पास की एक तीन मंजिला बिल्डिंग ढह गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# Atiq Murder के तीनों आरोपियों का कनेक्शन आया सामने, मिली थी हत्या की सुपारी... हत्याकांड में बड़ा खुलासा!

■ प्रयागराज, एजेंसी।

अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। दोनों की हत्या में शामिल तीनों हत्यारों के आपसी कनेक्शन सामने आए हैं। पहले से तीनों के अलग-अलग जिलों से आने के कारण सवाल उठाए जा रहे थे। अतीक अहमद की गोलियों की बौछार से हत्या करने वाला लवलेश तिवारी बांदा का रहने वाला है। वहीं, सनी सिंह हमीरपुर और अरुण मौर्य कासगंज जिले का है। तीनों के पारीवारिक बैकग्राउंड और अलग-अलग जिलों के कारण संबंधों पर सवाल उठ रहे थे। सबसे बड़ा सवाल यह उठा कि आखिर तीनों एक साथ कैसे आए? इन सवालों के बीच अब मीडिया रिपोर्ट के हवाले से दावा किया जा रहा है कि माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के लिए सुपारी दी गई थी।अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए सरकार ने तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है। जांच कमेटी दो माह में हत्याकांड की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। रिटायर्ड जज अरविंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में



तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। इसमें रिटायर्ड जज बृजेश कुमार सोनी और पूर्व डीजीपी सुबेश कुमार सिंह को रखा गया है। वहीं, हत्याकांड के मामले को सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया है। वकील की ओर से रिट याचिका दायर कर यूपी में वर्ष 2017 के बाद हुए एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

### सनी और अरुण मौर्य थे दोस्त

अरुण मौर्य को लेकर कहा जा रहा है कि उसके सनी सिंह से पहले ही संबंध थे। दोनों दोस्त थे। इस प्रकार सनी सिंह ही लवलेश और अरुण मौर्य के बीच की क?ी माना रहा है। तीनों को अतीक और अशरफ की हत्या की सुपारी दी गई थी। उन्हें एडवांस के साथ-साथ हथियार भी दिए जाने की बात सामने आई है। हैंडलर ने उन्हें आधुनिक हथियार और कारतूस दिए थे। हत्याकांड को अंजाम देने की नीयत से ही तीनों प्रयागराज आए थे।

### जांच के लिए गठित हुआ आयोग

अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए सरकार ने तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है। जांच कमेटी दो माह में हत्याकांड की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। रिटायर्ड जज अरविंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। इसमें रिटायर्ड जज बृजेश कुमार सोनी और पूर्व डीजीपी सुबेश कुमार सिंह को रखा गया है। वहीं, हत्याकांड के मामले को सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया है। वकील की ओर से रिट याचिका दायर कर यूपी में वर्ष 2017 के बाद हुए एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

**नरसिंहपुर में हुआ कार एक्सीडेंट**

## छिंदवाड़ा के संत कनक बिहारी समेत 4 की मृत्यु

■ नरसिंहपुर, यशभारत।



सोमवार सुबह हुए नरसिंहपुर में हुए कार एक्सीडेंट में संत कनक बिहारी दास जी महाराज का निधन हो गया। इस हादसे में तीन अन्य लोगों की भी मौत हुई है। ये सभी अशोकनगर से छिंदवाड़ा आश्रम जा रहे थे, तभी रास्ते में ये हादसा हो गया। महाराज अगले साल अयोध्या में 9009 कुंडीय यज्ञ का आयोजन करने वाले थे। 2021 में कनक बिहारी दास जी ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को 1 करोड़ 11 लाख का चेक समर्पित किया था।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

# तीन मई से 10 हजार डाक्टर करेंगे हड़ताल, नर्सिंग स्टाफ भी देगा साथ

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के लगभग 10 हजार से अधिक डाक्टर तीन मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। इसमें उनका साथ नर्सिंग स्टाफ भी देगा, ऐसे में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बिगड़ना तय है। दरअसल अपनी मांगे पूरी न होने से प्रदेशभर के डाक्टर नाराज चल रहे हैं इससे वह फिर से आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए रविवार को इंदौर शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी 52 जिला अस्पतालों, 19मेडिकल कालेजों के लगभग 110 प्रतिनिधि शामिल थे और 70 प्रतिनिधियों ने



आनलाइन हिस्सा लिया।बैठक में महासंघ के सचिव डा. राकेश मालवीय ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के प्रतिवेदन के आदेश निकालने में शासन के अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इसी वजह से महासंघ द्वारा फिर से आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि डाक्टरों द्वारा 17 फरवरी 2023 मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के कहने पर यह आंदोलन स्थगित कर दिया गया था। उसी दिन निर्मित उच्च स्तरीय समिति को एक महीने में अपना प्रतिवेदन मुख्यमंत्री को देना था तत्पश्चात उच्च स्तरीय समिति के प्रतिवेदन पर त्वरित शासन के आदेश निकालने की बात पर आंदोलन स्थगित किया गया था लेकिन दो महीने बाद भी कोई आदेश नहीं निकले गए हैं। हालांकि महासंघ ने प्रतिवेदन को लागू कर आदेश निकालने के लिए शासन को दो सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार से प्रतिदिन वादा स्मरण दिवस मनाया जाएगा और कार्य बंद आंदोलन की दिनांक प्रशासन को बताई जाएगी।

## मनीष सिसोदिया की आज कोर्ट में पेशी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की आज कोर्ट में पेशी होगी। यहां श्वष्ठ कोर्ट से सिसोदिया की और रिमांड मांग सकती है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सिसोदिया को 17 अप्रैल तक श्वष्ठ की कस्टडी में भेज दिया था। वहीं, सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट 18 अप्रैल को सुनवाई करेगी। उधर, रविवार को CBI ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से साढ़े 9 घंटे पूछताछ की।पूछताछ खत्म होने के बाद केजरीवाल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि एजेंसी ने मुझसे 56 सवाल किए। मैं मेहमाननवाजी के लिए CBI अधिकारियों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने दोस्ताना तरीके से सवाल पूछे।

## 7 सवारियों से भरा ऑटो कुएं में गिरा, रस्सियों से किया रेस्क्यू, 2 की मौत और 3 की हालत गंभीर

■ बांसवाड़ा, एजेंसी।

राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य बांसवाड़ा जिले के छलियाबड़ी गांव में सवारियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित हो गया. उसके बाद यह ऑटो 35 फीट गहरे एक सूखे कुएं में जा गिरा. हादसे में ऑटो में सवार 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में से दो की बाद में मौत हो गई .सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को कुएं से बाहर निकाला. घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया. वहां कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस के अनुसार हादसा बांसवाड़ा जिले के दानपुर थाना इलाके में



शनिवार को हुआ. इलाके के छलियाबड़ी गांव में सवारियों से भरा एक ऑटो जा रहा था. अचानक चालक ऑटो पर नियंत्रण खो बैठा. उसके बाद वह सड़क किनारे बने 35 फीट सूखे कुएं में जा गिरा. हादसे की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई. ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. इस पर पुलिस भी वहां पहुंच गई. बाद में पुलिस ने रस्सियों के सहारे से ग्रामीणों के सहयोग से कुएं में गिरे घायलों को बाहर निकाला. इस ऑटो में 2 पुरुष, एक महिला और 4 बच्चे सवार थे. इन सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया गया।

# महाराष्ट्र में तेज धूप ने ले ली 11 की जान कुछ मरीज 'वेंटिलेटर' पर

**कौन करेगा इसकी जांच? भड़का विपक्ष**

■ मुंबई, एजेंसी।

नवी मुंबई के खारघर क्षेत्र में रविवार को खुले मैदान में आयोजित किए गए 'महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार समारोह के दौरान तेज धूप की चपेट में आने के बाद 11 लोगों मौत हो गई। कार्यक्रम में लाखों लोगों ने भाग लिया था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि नवी मुंबई और पनवेल शहर के अस्पतालों में कुछ मरीज 'वेंटिलेटर' पर हैं और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। कुछ लोगों को खारघर के टाटा अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। इस मामले में अब विपक्ष ने महाराष्ट्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मौजूद थे। समारोह में हजारों की भीड़ जमा थी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और राकांपा नेता अजीत पवार ने एमजीएम कमोठे अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने अस्पताल में डॉक्टर से बातचीत की और स्थिति का जायजा लिया। 4-5 लोगों से बातचीत की, उनमें से दो की हालत गंभीर है। कार्यक्रम की योजना ठीक से नहीं बनाई गई थी। आखिर इस घटना की जांच कौन करेगा? वहीं, अजीत पवार ने कहा कि हमने देखा कि एक मरीज वेंटिलेटर पर है और उसकी हालत गंभीर है। बाकी लोगों ने हमसे बात की... यह एक बहुत ही गंभीर घटना है... इसकी जांच होनी चाहिए। मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान सीएम शिंदे ने नवी मुंबई के एक अस्पताल के बाहर संवाददाताओं से कहा कि अस्पताल में कम से कम 50 लोगों को भर्ती कराया गया था, जिनमें से 24 अभी भी भर्ती हैं जबकि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद वहां से छुट्टी दे दी गई उन्होंने इन मौतों को 'बहुत दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। शिंदे ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''इस घटना के चलते अस्पताल में भर्ती हुए लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया किया जाएगा। राज्य सरकार उनके इलाज के लिए अपने खजाने से भुगतान करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अगर मरीजों का अतिरिक्त इलाज किए जाने की जरूरत है, तो उन्हें विशेष अस्पतालों में भेजा जाए।

## धार जिले में ताड़ी पीने के बाद तीन लोगों की मौत, 11 गंभीर

■ धार, यशभारत।

धार जिले में टांडा के ग्राम झाड़मलिया में ताड़ी पीने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें दो महिला व एक पुरुष शामिल हैं। एक ही परिवार के 12 से अधिक सदस्य एक साथ बैठकर ताड़ी पी रहे थे। अचानक से स्वास्थ्य खराब होने के बाद युवक नसरू पिता अमरसिंह की मौत हो गई। इसके बाद कुछ लोगों को बोरी अस्पताल व कुछ को जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया।जानकारी के अनुसार ग्राम झाड़मलिया के ऐलसिंह के यहां पर रविवार को मेहमान आए हुए थे। इसी के चलते दोपहर में सभी ने ताड़ी पीना शुरू कर दिया। ताड़ी पीने के कुछ देर बाद अचानक से सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। इसमें नसरू को बोरी अस्पताल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद तत्काल ही सभी बोरी अस्पताल भेजा गया।

**अमेरिकी नौसेना ने डॉल्फिन पर लगाया कैमरा**

# कैप्चर हुआ हैरान करने वाला नजारा

## VIDEO देखकर वैज्ञानिक भी चकराए

वाशिंगटन, एजेंसी। समुद्री जीवों के बारे में समझना, पढ़ना और जानना काफी रोचक होता है. पिछले साल अमेरिकी नौसेना ने समुद्र के कुछ असाधारण दृश्यों को कैच करने के लिए डॉल्फिन पर कुछ GoPro कैमरे लगाए थे. लेकिन इस कैमरे से रिकॉर्ड किए गए फुटेज ने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है.

हैरानी की बात यह है कि कैमरों ने उस क्षण को फिल्माया जब उछल-कूद करने वाले जीवों ने मछलियों का पीछा किया और यहां तक कि कई जहरीले समुद्री सांपों को भी खा लिया. उक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिक इन दृश्यों को देखकर काफी हैरान थे. क्योंकि जहरीले सांपों का सेवन डॉल्फिन के लिए खतरनाक हो सकता है. GoPro कैमरों को छह महीने के लिए पानी के नीचे की दृश्यों के लिए प्रशिक्षित छह बॉटलनोज़ डॉल्फिन पर लगाए गए थे. यह ऑडियो और वीडियो रिकॉर्ड करने और उन्हें लाइव स्ट्रीम करने के लिए सैन डिएगो, कैलिफोर्निया में राष्ट्रीय समुद्री स्तनपायी फाउंडेशन के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया एक अध्ययन था. कैमरे ने डॉल्फिन को 200 से



अधिक मछलियों और समुद्री सांपों को पकड़ते हुए कैद किया, जब डॉल्फिन समुद्र के पानी में गोता लगा रहे थे. कैमरों ने छह महीने तक के फुटेज और ऑडियो रिकॉर्ड किए थे. इन फुटेज और ऑडियो रिकॉर्ड से वैज्ञानिकों को इन स्तनधारियों के शिकार करने की रणनीतियां और संचार के तरीके समझने में काफी मदद मिली।

## छावनी के सहारे ढूंढा जा रहा विधानसभा का रास्ता

# भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने कांग्रेस कर रही जतन

**जबलपुर यशभारत। लम्बे इंतजार के बाद छाए केन्ट बोर्ड चुनाव के बादल बिना बरसे ही आगे बढ़ गये। चुनाव लड़ने की कमर कसने वाले अब चुनाव टलने से उसके फायदे गिनाने और श्रेय लेने की राजनीति में व्यस्त हैं। बीते कुछ दिनों में केन्ट राजनीति में बनी परिस्थितियों सबसे पशोपेश की स्थिति में भारतीय जनता पार्टी है। उसे समझ नहीं आ रहा कि आगे कदम किस दिशा में बढ़ाए जाएं।**



चुनाव टलने को फायदे मंद बताकर श्रेय लिया जाए, या फिर नुकसानदेह बताकर कांग्रेस को घेरा जाए। बाकी दूसरी तरफ कांग्रेस इस मामले में भाजपा से कई कदम आगे नजर आ रही है। वो उसे अपनी जीत बता रही है, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के अपने संघर्ष का नतीजा बता रही है। जानकारी को कहना है कि प्रशासनिक सतह में केन्ट की राजनीति में सारी चाबियां छावनी परिषद के हाथ होती हैं, राजनीति पार्टियों का अमल दख्ल दूर होता है। केन्ट की राजनीति में राजनीतिक पार्टियों का रोल सिर्फ इतना होता है कि बोर्ड के अन्दर के पैससलों का बाहर केन्ट बोर्ड बाशिंदों के बीच वैससे भुनाया जाए। इस लिहाज से कांग्रेस कुछ बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। कहा यह भी जा रहा है कि बंगला और बागीचा के हजारों मतदाताओं की लड़ाई के सहारे कांग्रेस केन्ट विधानसभा सीट का रास्ता आसान करना चाह रही है।

### 15 प्रतिशत वोट पर निगाहें........

केन्ट विधानसभा के कुल वोटरों में करीब 15 फीसद छावनी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। जानकार बीते कुछ हफ्तों से चल रहे घटनाक्रम को इन 15 फीसद वोटरों के दिल में जगह बनाने के प्रयास से देख रहे हैं। हालांकी सिर्फ यह 15 फीसद पूरे चुनाव पर बड़ा असर नहीं डाल सकते, लेकिन यह 15 फीसद यदि साथ आ जाएं तो रास्ते कुछ आसान जरूर कर सकते हैं।

### बातों-बातों में टिकिट की दावेदारी......

दूसरी तरफ कुछ लोग यह भी कह रहे हैं बंगला, बगीचा की लड़ाई लड़ते लड़ते कुछ कांग्रेस नेता अपनी टिकिट की दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं। इसे ही अपना जनाधार बताकर जमीनी पकड़ प्रदेश कांग्रेस को दिखा रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस पूरी कवायद से कांग्रेस आलाकमान कितने प्रभावित होते हैं।

### घटनाक्रम पर विधायक कार्यलय की नजर

करीब तीन दशकों से केन्ट की राजनीति की धुरी रोहाणी परिवार के इर्द गिर्द घूम रही है। 04 बारा स्व. दादा रोहाणी विधायक रहे, लगातार तीसरी बार अशोक रोहाणी विधायक हैं। कहां केन्टोन्मेंट क्षेत्र को कांग्रेस अपना गढ़ बताती आई है, लेकिन इस विधानसभा में इस गढ़ के आगे नही बढ़ पाई है। इस बार भी कांग्रेस की राहें असान नहीं है। छावनी परिषद में चल रही राजनीति पर भाजपा संगठन की नजर हो न हो, लेकिन यहां के विधायक कार्यालय हर घटनाक्रम को बारीकी से देख रहा है।

# अगले दो-तीन सालों में हर घर पहुंचेगा मां नर्मदा का मीठा पानी

## गर्मी में नहीं होगा जल संकट,60 से 70 बोरिंग और कराई जाएंगी

जबलपुर,यशभारत। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि अपना दावा दोहराते हुए कहा कि सभी घरों में नर्मदा जल पहुंचाने जो कार्य दशकों से नहीं हुआ वे अगले दो-तीन सालों में हो जाएगा सभी घरों में नर्मदा का मीठा पानी पहुंचेगा। महापौर श्री अन्नू ने जल विभाग के अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी में जल संकट जैसी स्थितियां निर्मित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट है वहां बोरिंग कराई जा रही है। 30 से अधिक बोरिंग कराई जा चुकी है जबकि आने वाले समय में 60 से 70 बोरिंग और कराई जाएंगी। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल विभाग के अधिकारी सभी संभागों में जोन अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर उनके हिसाब से वार्डो में जलापूर्ति की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। उन सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करें और उसका विस्तारीकरण करें। महापौर ने कहा कि शहर की सभी टंकियों को पर्याप्त मात्रा में भरी जा रही है और नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मिले इसके लिए लगातार पानी की जांच कराई जा रही है। शुद्धिकरण के लिए सभी जलशोधन संयंत्रों को अपडेट किया जा रहा है। इस वर्ष उच्चस्तरीय सभी टंकियों को पर्याप्त मात्रा में भरने के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में टैंकरों की व्यवस्था की गई है। ताकि गर्मी के दिनों में शहर के नागरिकों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके। बैठक के दौरान जल विभाग के प्रभारी एमआइसी सदस्य एकता गुप्ता, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव एवं जल विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। दरअसल गर्मी आते ही हर वर्ष पानी की किल्लत शहर में होने लगती है जबकि शहर किनारे नर्मदा का आपार जल है। फिर भी ऐसी स्थिति बनने से लोग नगर निगम को कोसते हैं जिसे लेकर यह व्यवस्था की जा रही हैं।



## 21 अप्रैल को मानस भवन में होगा स्टार अवार्ड का आयोजन



जबलपुर,यशभारत। एसएस इवेंट द्वारा आगामी 21 अप्रैल को मानस भवन में होने वाले संस्कारधानी अवार्ड कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एसएस इवेंट की संस्थापक शिखा श्रीवास्तव ने बताया की जबलपुर में स्टार अवॉर्ड का आयोजन होगा जिसमें अलग-अलग वर्गों के लोगों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### कॉलेज चलो अभियान का समापन

## विद्यार्थियों ने जानी विभिन्न योजनाएं



जबलपुर,यशभारत। केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में शासकीय महाकोशल महाविद्यालय के द्वारा कॉलेज चले अभियान का समापन किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर अरुण शुक्ला संभागीय नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा विद्यार्थियों को शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं कोमा छात्रवृत्ति ऑनलाइन ईप्रवेश की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय विषय चयन में अपनी अभिरुचि एवं क्षमताओं को ध्यान रखकर विषयों का चयन किया जाए। शासन के द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा विद्यार्थियों के कैरियर को नई दिशा मिलेगी। इसमें विद्यार्थी अपनी रुचि के विषयों का चयन कर अपने करियर को ऊंचाई पर पहुंचा पाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 की प्राचार्य आकांक्षा सैमुअल, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## भगवान परशुराम प्राकटयोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा 21 को

जबलपुर, यशभारत। भगवान परशुराम वंशज - ब्राह्मण एकता मंच ने बताया की ब्राह्मणों के अराध्य भगवान परशुराम जी के प्राकटयोत्सव के पावन अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर में ब्राह्मण एकता मंच, भगवान परशुराम वंशज, के संयुक्त तत्वाधान में द्वारा शुक्रवार 21 अप्रेल 2023 को विशाल शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विशाल शोभा यात्रा रानीताल चौक से सांय 4.00 बजे आरंभ होकर लोहियापुल गढाफाटक, शंकर घी भण्डार, चरहाई, घमंडी चौक, बडा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा बाजार होते हुए कोतवाली थाने के समक्ष संपन्न होगी। इस विशाला शोभा यात्रा में विभिन्न प्रादेशिक क्षेत्रयी भाषायी सहित समस्त ब्राह्मण वर्गो, समूहों की सभभागित सपरिवार मातृशक्ति एवं बाल शक्ति सहित प्राथर्नीय है। शोभा यात्रा के समापन स्थल पर भगवान परशुराम जी के भोग प्रसाद भोज की व्यवस्था की गई है। आज आवश्यकता है की विप्रजनों की एकीकरण की हम भाषा, क्षेत्र, प्रदेश, वर्ग उप वर्ग के भेदों को भूलें और मूल मंत्र ब्राह्मण एक है को सार्थक करने जुट जायें, विश्व का कल्याण कराने का संकल्प कराने वाले आज एक होकर स्वयं के कल्याण का मार्ग एकजुटता के साथ प्रशस्त्र करें। जागो ब्राह्मण भाईयों जागो एक हो जाओ। जय जय परशुराम जय जय परशुराम जय जय परशुराम शोभा यात्रा में भाग लेने हेतु अपील एड सुधीर नायक, पवन तिवार, अयोध्या तिवारी, अटल उपाध्याय, कपिल दुबे, आशुतोष तिवारी, रजनीश पाण्डे, सिद्धार्थ मिश्रा, आलोक अग्निहोत्री, अमित तिवारी, ब्रजेश मिश्रा, सी. एन. शुक्ला, दिलीप दुबे, केशव मिश्रा, ईशान नायक, सर्मथ मिश्रा, दुर्गेश पाण्डे, नरेश शुक्ला, विष्णु पाण्डे, राहुल दुबे, अतुल दुबे, सारंग दुबे, गोविन्द विल्थरे, रजनीश दुबे, रजनीश तिवारी, प्रियांशु शुक्ला आर्यन मिश्रा, विवेक तिवारी, श्यामनारायण तिवारी, आदि ने अधिक से अधिक स्वजाति बंधुओं से पहुंचने की अपील की है।





## श्रीमद् भागवत के समापन पर भंडारा

जबलपुर यशभारत। नवरंग भागवत द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का सात दिवसीय के अखिरी दिन गढाफाटक जगदीश मंदिर में भागवत का हवन-पूजन एवं भव्य भंडारा में विनय सक्सैना (विधायक) अजय विश्नोई हर्षित यादव (पार्षद) राम सिंह ठाकुर (बबलू) सुरेन्द्र नामदेव, प्रमोद पटैल, मुकेश केशरवानी, निखिल ठाकुर, अखिलेश नामदेव, शालू ठाकुर, राजा नामदेव, महिला मंडल समिति- विमला यादव, सपना सिंह, दिव्या यादव, कल्पना ठाकुर, कामनी ठाकुर, नीता नामदेव, मीना ठाकुर, नेहा सेंगर, पूजा, प्रिया, रीना ठाकुर आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी।

## ग्राम रोजगार सहायकों ने माँ नर्मदा की 15 किलोमीटर पैदल यात्रा निकाली..

### मांगें पूरी नहीं की गई तो मुख्यमंत्री को देंगे सामूहिक इस्तीफा

जबलपुर यशभारत। एक माह से अधिक से अपनी मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी हड़ताल कर रहे ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों ने प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री को मनाने के लिए सिविक सेंटर जेडीए पार्क से मां नर्मदा तट ग्वारीघाट के लिए नर्मदा दर्शन यात्रा निकाली जिसमें जिले के समस्त ग्राम रोजगार सहायक साथी उपस्थित हुए यात्रा का उद्देश्य माननीय मुख्यमंत्री जी की लंबी आयु एवं सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करना था और सत्याग्रह पूर्वक माननीय मुख्यमंत्री जी को यह निवेदन करना था कि ग्राम रोजगार सहायक जो कि 9000 प्रति माह के अल्प वेतनमान में ग्राम पंचायत स्तर की समस्त योजनाओं का संचालन करते हैं की मांग जिला संवर्ग में संविलियन और 90त्न मानदेय का प्रावधान है के हिसाब से उन्हें मानदेय दिया जाए उनकी सेवा समाप्ति ना हो, उनका निलंबन हो स्थानांतरण नीति लागू आदि मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सहायक विगत 1 माह से हड़ताल पर हैं और इस दौरान विभिन्न प्रकार के नवाचार किए जाते हैं आज नवाचार जबलपुर जिले के ग्राम रोजगार सहायकों के द्वारा किया गया रोजगार सहायकों की मांगे पूरी नही होती तो सोमवार 17 अप्रैल 2023 को प्रदेश समस्त ग्राम रोजगार सहायक मुख्यमंत्री को इस्तीफा देंगे इस अवसर पर महासंघ के प्रदेश महासचिव जितेंद्र पटेल देसी भैया जिला अध्यक्ष संजय तिवारी जिला संयोजक धनंजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जिला संयोजक राजेश्वरी सिंह, जबलपुर ब्लॉक अध्यक्ष रोहिणी झारिया, ब्लाक मझौली अध्यक्ष मनीष गर्ग, सतीश साहू, बृजेश साहू, निकेश तिवारी, अजीत पटेल, सौरभ खान, प्रदीप कोरी, धनंजय पांडे, संजय पांडे, रोहित सिंह, चित्रलेखा सिंह पुष्पा, कमलेश झारिया, अजय परिहार, धर्मेन्द्र पटेल आदि सहित जिले के समस्त ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।



## जबलपुर से गुजरेगी पुरी-गंगासागर भव्य काशी यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रैन

जबलपुर यशभारत। भारतीय रेल्वे द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश की संकल्पना को प्रोत्साहित करते हुए भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में, मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। 16 मई 2023 को इंदौर शहर से पुरी-गंगासागर भव्य काशी यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन *मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, रानी कमलापति, इटारसी जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 09 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में *पुरी, गंगासागर, कलकत्ता, बैद्यनाथ, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु. 17,600/- प्रति व्यक्ति (स्टैण्डर्ड श्रेणी) का खर्च उठाना होगा। इसमें चाय, नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन सहित नॉन ए.सी. स्टैण्डर्ड होटल में रात्रि विश्राम/स्नान की सुविधा दी जाएगी। स्थानीय भ्रमण के लिए नॉन एसी टूरिस्ट बसों की सुविधा प्रदान की जाएगी। टिकिट शुल्क में ही यात्रियों को चार लाख रूपये का दुर्घटना बीमा भी शामिल रहेगा। कोविड नियमों का पालन होगा। इक्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट 222.irctctourism.com पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है/





## परशुराम जन्म उत्सव धूमधाम मनाया जाएगा

जबलपुर, यशभारत। स्नेह नगर स्थित जगतगुरु श्री परम पूज्य महाराज जी राघव देवाचार्य गुरु जी की कुटिया में आयोजित बैठक में 22 अप्रैल को संपूर्ण ब्राह्मण मंच के तत्वावधान में परशुराम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने ,परशुराम चालीसा आरती घर-घर पहुंचाने का निर्णय लिया गया। गुरु जी के द्वारा परशुराम चालीसा आरती का विमोचन, किया गया। जगतगुरु श्री परम पूज्य महाराज जी राघव देवाचार्य जी ने बताया,। भगवान परशुराम समरसता मानवता, धर्म ध्वजा वाहक, जननायक कहां जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। भगवान परशुराम एकमात्र अजर अमर देव हैं जिन्होंने रघुकुल नंदन राम गांडीव प्रदान किया था एवं पृथ्वी आकाश पाताल मन की गति से कुछ ही क्षणों में कहीं भी आ जा सकते थे पापियों का नाश किया धर्म की स्थापना की विष्णु के छठे अवतार एवं परशुराम धाम गौरी घाट में दो चरणों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा(

## सीजीएचएस लाभार्थियों की परामर्श दरें संशोधित

### लंबे अरसे बाद स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय ने किया आदेश

जबलपुर यशभारत। केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल में ओपीडी और आईपीडी परामर्श के लिए जाने वाले लाभार्थियों को अब संशोधित दरों पर परामर्श दिया जाएगा।इस संबंध में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गत12अप्रैल को आदेश जारी कर दिये हैं।इस आदेश के बाद लाभार्थियों और मान्यता प्राप्त अस्पताल प्रबंधन को किंचित राहत मिल गई है।इसके साथ ही इलाज के लिए भर्ती होने वाले लाभार्थियों की पात्रता के अनुसार वार्ड में भर्ती होने की दरें भी संशोधित कर दी गई हैं। इस संबंध में भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी ने संतोष जताया है, वहीं सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाषचंद्रा ने कहा है कि यह पूरी तरह नहीं अपितु किंचित राहत है।उन्होंने कहा कि एक दशक से ज्यादा समय से मान्यता प्राप्त अस्पतालों में इलाज की दरें संशोधित नहीं की गई थी।जिसको लेकर मान्यता प्राप्त अस्पताल या तो लाभार्थियों को इलाज से मना कर देते थे या फिर लाभार्थियों से अतिरिक्त राशि की मांग की जाती रही जो दोनों पक्षों के लिए परेशानी का सबब बनता था।अस्पताल प्रबंधन का भी कहना था कि बढ़ती मंहगाई के चलते उनके लिए लाभार्थियों को इलाज देना मुश्किल है।जिसके चलते देश के अनेक अस्पतालों ने इलाज देना भी बंद कर दिया है और उन्होंने मान्यता के लिए आवेदन भी नहीं किया।परिणाम स्वरूप सीजीएचएस लाभार्थियों को इलाज कराने में परेशानी हो रही है।इस मामले को लंबे समय से अनेक पेंशनर्स एसोसिएशन और कर्मचारी संगठनों ने भी उठाते हुए सरकार से इलाज की दरें संशोधित करने की मांग की जा रहीथी।

## 127 ई-नीलामी से 25 करोड़ 73 लाख 19 हजार रूपये वार्षिक राजस्व

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में वाणिज्यिक आय, गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) अनुबंधों के लिए ई-नीलामी के शानदार परिणाम मिल रहे है। इस नीति के अंतर्गत अर्निंग एसेट्स जैसे आउट ऑफ होम, स्टेशन को-ब्रांडिंग, पार्किंग, पार्सल लीजिंग, स्टेशन पर रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क (आरडीएन), मोबाईल एसेट्स, एटीएम, पे एंड यूज टॉयलेट एवं अन्य नॉन फेयर रेवन्यू (एनएफआर) आदि इन परिसंपत्तियों को पोर्टल में मैपिंग करके शामिल किया गया है और नीलामी प्रक्रिया ऑन लाईन हो रही है। पमरे में भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) के माध्यम से जबलपुर मण्डल में 457, भोपाल में 399 तथा कोटा मण्डल में 254 एसेट्स का रजिस्ट्रेशन किया गया है। पमरे के तीनों मण्डलों पर चालू वित्तीय वर्ष में मार्च 2023 तक कुल 127 ई-नीलामी ठेका आवंटित किए गए हैं जिनसे रेलवे को 25 करोड़ 73 लाख 19 हजार रूपये वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा। जो कि निर्धारित रिजर्व प्राईस से औसत 108 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार मण्डल वाइस बात करें तो जबलपुर मण्डल में कुल 40 ई-नीलामी ठेका आवंटित हुए हैं, इससे रेलवे को 1969 लाख 82 हजार रूपये वार्षिक राजस्व मिलेगा यह राजस्व निर्धारित रिजर्व प्राइस से 143 प्रतिशत अधिक है। भोपाल मण्डल में कुल 38 ई-नीलामी ठेका आवंटित करके रेलवे को 317 लाख रूपये वार्षिक राजस्व मिलेगा जो कि निर्धारित राजस्व प्राईस से 40 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह कोटा मण्डल में कुल 49 ई-नीलामी ठेका आवंटित करके रेलवे को 286 लाख 37 हजार रूपये वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा, जो निर्धारित रिजर्व प्राईस से लगभग 41 प्रतिशत से अधिक है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में किसी भी सहायता एवं जानकारी के लिये सम्बंधित वाणिज्य विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

# सीताराम संकीर्तन की धुन पर राह चलते राहगीर भी जम कर झूमे

### दादा ठनठन पाल के 61 महानिर्वाण दिवस पर निकली विशाल सीताराम संकीर्तन शोभायात्रा

**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा खण्ड के प्रख्यात सिद्ध सन्त दादा ठन ठन पाल के 61वे महानिर्वाण दिवस पर श्रद्धालु अनुयायियों ने विशाल सीताराम संकीर्तन करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली द्य शाम 5 बजे गढ़ाफाटक स्थित शंकर घी भंडार से निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने 108 तरह से धुन बजाते हुये अदभुत संकीर्तन कर सभी को भावविभोर कर दिया द्य इस दौरान राह से गुजरते राहगीर भी संकीर्तन में शामिल हो झुमने का लोभ संवरण नहीं कर सके। शोभायात्रा में सीताराम संकीर्तन के साथ अखंड ज्योत प्रज्वलित थीं जिस्का दर्शन श्रद्धालुओं द्वारा करते हुए दादा ठन ठन पाल को प्रणाम करते हुए श्रद्धालुओं के जत्थे चल रहे थे द्य स्वामी पगला नन्द, पंडित मनमोहन दुबे जी सहित अन्य साधु संत महात्माओं की अगुवाई में शोभायात्रा गढ़ा फाटक शंकर घी भंडार से प्रारम्भ होकर खोवा मंडी, कमानिया गेट, घमंडी चौक से बड़ा फुहारा होंते हुए वापस शंकर घी भंडार गढ़ा फाटक पहुंची जहां महाआरती के साथ समापन कर प्रसाद वितरण किया गया। सीताराम संकीर्तन की 108 धुनों में संकीर्तन मंडलियों ने जो प्रस्तुति दी उससे क्षेत्र का वातावरण धर्ममय हो गया और चलते हुए राहगीर नाचने लगे। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉक्टर शिव शंकर पटेल बंटी पटेल करण पटेल डॉक्टर शंकर पांडे समर दादा श्याम मनोहर पटेल संतोष अगहरहरी संदीप जैन आदि उपस्थित थे।



यश भारत
नये जमाने के साथ..
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/-
15 दिन Rs.1200/-
7 दिन Rs.500/-
3 दिन Rs.250/-
1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण
आम सूचना
इश्तहार
गुमशुदा
नाम सुधार
जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com









# जबलपुर से गोंदिया स्पेशल ट्रेन का भव्य शुभारंभ

## किराया व समय की होगी बचत, दुल्हन की तरह सजी ट्रेन में 118 यात्री रवाना हुए

**जबलपुर यश भारत।** आज जबलपुर के प्लेटफार्म नंबर एक में दुल्हन की तरह सजी जबलपुर -गोंदिया स्पेशल ट्रेन का भव्य शुभारंभ सांसद राकेश सिंह, सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कमलेश अग्रवाल ,डीआरएम विवेकशील एवं सीनियर डीसीएम विश्वरंजन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त ट्रेन में आज 118 यात्रियों ने अपने गंतव्य की यात्रा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राकेश सिंह ने कहा कि आज महाकोशल के लिए एक बहुत ही खुशी की बात है कि एक बड़ा सपना पूरा हुआ उन्होंने कहा कि इसके लिए कई संघर्ष के साथ अनेक आंदोलन करना पड़े। उन्होंने जबलपुर स्टेशन के संबंध में कहा कि 300 करोड़ की लागत से स्टेशन का रिमांडलिंग का काम या जा रहा है। इसके साथ ही मदन महल रेलवे स्टेशन में 120 करोड़ का कार्य भी पूर्ण होगा इसी तरह से मंचासीन अन्य अतिथियों ने भी प्रकाश डाला डीआरएम विवेकशील ने कहा कि आज जबलपुर से गोदिया के लिए नई रेलगाड़ी की शुरुआत हुई है यह गाड़ी 36 स्टेशनों से गुजरेगी और 6 घंटे में गोंदिया पहुंचेगी। आभार प्रदर्शन सीनियर डीसीएम विश्वरंजन एवं सफल संचालन सादिक खान द्वारा किया गया।

### क्या कहते हैं यात्री

वही जबलपुर से गोंदिया यात्रा करने वाले नितिन रामलाल श्रीवास खेद बहादुर ने बताया कि गोंदिया जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था किंतु आज से गोंदिया के लिए नई ट्रेन का संचालन होने के कारण जहां एक और किराया की बचत होगी वहीं दूसरी ओर समय भी बचेगा नई ट्रेन में जनता पर यात्रा करने वाले यात्रियों ने आगे जानकारी में बताया कि जबलपुर से गोंदिया के लिए बताया कि हम लोग पहले गोंदिया जाने के लिए बस द्वारा नागपुर जाते थे उसके बाद वहां से बस चेंज करने के बाद गोंदिया पहुंचते थे इसमें ?275 किराया लगता था और करीब 12 घंटे का समय भी खराब होता था किंतु जबलपुर से अब ट्रेन द्वारा गोंदिया जाने के लिए यह रास्ता काफी सुलभ हो गया जिसमें गोंदिया पहुंचने के लिए 6 घंटे एवं किराया ?90 लगेगा उन्होंने बताया कि इसी रूट से नागपुर ट्रेन भी चलना चाहिए जिससे कि समय की बचत होगी और क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिल सकेगा।

### जिन्होंने किया था जन आंदोलन उन्हीं को भूल गए

उल्लेखनीय है कि भाजपा के पूर्व विधायक हरेंद्र जीत सिंह बब्बू 1995. 96 में जबलपुर से गोंदिया लाइन को बड़ी लाइन से जोड़ने के लिए हाऊबाग स्टेशन से नैनपुर भाजपा का झंडा उठाकर कार्यकर्ताओं के साथ पैदल गए थे और उन्होंने जन आंदोलन करते हुए अनेक धरना प्रदर्शन भी किए गए थे आज इस कार्यक्रम में उनको आमंत्रित करना तो दूर पार्टी उनका नाम लेना तक भूल गई।

## मानसिक रोगी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जबलपुर,यशभारत।** बेलखेड़ा थानांतर्गत हिनौतिया टपरिया क्षेत्र में रहने वाले 27 वर्षीय गोविंद सिंह लोधी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने बताया कि गोविंद का मानसिक बीमारी के तहत इलाज चल रहा था। पुलिस ने लाश को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस परिजनों के बयान भी दर्ज कर कार्यवाही आगे बढ़ा रही है। परिजनों ने बताया कि गोविंद सिंह का बीते 8 वर्षों से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था जिसके कारण घर में कुछ ही कुछ हरकतें करता था और परेशान रहता था।

## लोडेड वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### गोहलपुर में सड़क हादसा

**जबलपुर,यशभारत।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में लोडिंग वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को रौंद दिया जिसके बाद उसे लहूलुहान अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, संबंधित थाना डायरी स्थानांतरित कर दी है। जानकारी के अनुसार लोहारी निवासी 50 वर्षीय ब्रजेश पटैल बाइक से घर जा रहा था तभी बेलगाम लोडेड वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और फिर उसकी मौत हो गई।

## पिता-पुत्र पर बांट से युवक ने किया जानलेवा हमला

**जबलपुर,यशभारत।** हनुमानताल थानांतर्गत न्यू आनंद नगर में दो युवकों के बीच हो रहे विवाद में बीच में बोलना फल खरीद रहे एक व्यक्ति को उस वक्त महंगा पड़ गया जब एक युवक ने 59 वर्षीय मकसूद खान के साथ मारपीट करते हुए उसके उपर बांट से हमला कर दिया। अपने पिता को बचाने आए इरशाद पर भी मजहर खान नामक युवक ने हमला किया और दोनों को जान से मारने की धमकी देकर वह भाग निकला। हमले में इरशाद के सिर में गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। जिसके बाद पिता-पुत्र दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया और पुलिस ने रिपोर्ट पर हमलावर मजहर खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि न्यू आनंद नगर में मकसूद खान ठेले से फल खरीद रहा था। वहीं पर मजहर खान किसी से विवाद कर गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान मकसूद ने मजहर से कहा कि विवाद क्यों कर रहे हो। इस बात पर मजहर भड़क गया और मकसूद व उसके बेटे के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।

## शराबी युवक की पनागर में मौत

**जबलपुर,यशभारत।** पनागर थानांतर्गत ग्राम कंदराखेड़ा निवासी 36 वर्षीय युवक की शराब के अधिक सेवन से मौत हो गई है। बीती रात कमल कोल अधिक मात्रा में शराब पिए था जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आधे घंटे बाद कमल की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है।

## श्री राम कॉलेज के 11 छात्र होम फस्ट फाईनेंस में चयनित

जबलपुर। श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित होम फस्ट फाईनेंस कम्पनी के कैम्पस मे बैचलर आफ इंजिनियरिंग के 11 छात्रो का चयन किया गया, जिसमे मैकेनिकल विभाग से 3, सीएस विभाग से 2, इलेट्रिकल विभाग से 1 एवं फार्मेसी विभाग के 5 छात्र शामिल है श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि छात्रों को कम्पनी के नियमानुसार सालाना 5.25 लाख का पैकेज दिया जायेगा साथ ही एक्सिस बैंक मे 1 छात्र का चयन 8.86 लाख, डिलायट में 4 छात्रों का चयन 4.5 लाख, आईबीएम में 2 छात्रों का चयन 4 लाख, एसकेडिंयन मे 2 छात्र का चयन, अशोक लीलैण्ड लिमिटेड में 1 छात्र का चयन 4.2 लाख एवं अमेरिकन चेस में 5 छात्र का चयन 3 लाख सालाना पैकेज पर चयनित किया गया इसके साथ ही इस सप्ताह में निम्नलिखित अन्य मल्टी नेशनल कम्पनियों द्वारा भी कॉलेज के छात्रों की चयन प्रक्रिया जारी है जिसमें एक्सिस बैंक पैकेज 4.2 से 4.6 लाख, जेसीएनटीई पैकेज 3.3 लाख, हाईक एजूकेशन पैकेज 5.82 से 7.02 लाख, एचडीएफसी एएमसी पैकेज 3.2 लाख, कोलेबेरा पैकेज 3 लाख, डी मार्ट पैकेज 3.5 लाख एंव टीसीएस सिगमा जैसी बड़े पैकेज की कम्पनियाँ शामिल है जो आने वाले सप्ताह में अपनी चयन प्रक्रिया पूर्ण कर चयनित छात्रों को उपरोक्त पैकेज के ऑफर लेटर प्रदान करेगी कैम्पस में सफल छात्रों को कॉलेज के प्रबंधन ने बधाई दी।

वि.वि.

## समरसता सेवा संगठन द्वारा संत सेन जयंती पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आज

**जबलपुर,यशभारत।** सामाजिक समरसता के परिपेक्ष्य में संत सेनजी महाराज की जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा कल सोमवार 17 अप्रैल को शाम 4 बजे मानकुंवर बारात घर दीनदयाल चौक के आगे ( आई टी आई के पास ) एक विचार गोष्ठी एवं सेन समाज के प्रमुख जनो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने बताया संगठन द्वारा तय कार्यक्रमो के आधार पर संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जन्मजयंती पर आयोजित कार्यक्रम सुखानंद द्वाराचार्य जगद्गुरु स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज की गरिमामय उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री प्रशांत बाजपई जी होंगे।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर निकला पैदल मार्च

### पूर्व सी एम कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा उनकी सरकार आई तो देंगे पुरानी पेंशन




**जबलपुर यशभारत।** राष्ट्रीय पेंशन बहाली आंदोलन के तहत देश भर के सभी राज्य के समस्त जिलों में रविवार को पेंशन संवैधानिक मार्च निकाला गया। उसी तारतम्य में पेंशन संवैधानिक रैली रविवार को जबलपुर के संपन्न हुई।जिसमें समस्त केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों/अधिकारियों ने एन.एम. ओ.पी.एस. के तत्वावधान में पेंशन संवैधानिक मार्च शहीद स्मारक से शुरू पैदल मार्च गोल बाजार से घंटाघर पैदल मार्च किया।बाद में पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा। इस बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट के माध्यम से रैली का समर्थन करते हुए कहा है कि यदि प्रदेश में उनकी सरकार बनी तो प्रदेश कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को पुनः बहाल कर राहत देंगे। केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारियों का कहना है कि पुरानी पेंशन योजना हमारा संवैधानिक अधिकार है जो भारत सरकार पेंशन अधिनियम 1972 के अंतर्गत प्रदान की गई थी, परंतु सरकार द्वारा 01 जनवरी2004 से बंद कर दी गई।उसके स्थान पर नई पेंशन योजना एन.पी.एस. अंशदाई पेंशन योजना लागू कर दी गई जो की पूर्णता शेयर बाजार पर आधारित स्कीम है। जिसमें कर्मचारी के पेंशन की कोई गारंटी नहीं है।यह कर्मचारियों के साथ सरकार द्वारा किया गया बहुत बढ़ा छलावा है। पैदल मार्च में एन.एम.ओ.पी.एस. मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष परमानंद डेहरिया संभाग अध्यक्ष संदीप वर्मा, श्रीमती मनीषा सोनी, महेंद्र आदिवासी डिफेंस के राम भुवन पटेल, अनिल गुप्ता, नीरज त्रिपाठी, राकेश जायसवाल, मनोज मिश्रा, अरविंद मंडल, , रजनी संजन, अजीत सराठे,डी.एस.परमार, श्रीनिवास कुमार, राकेश दुबे, विकास यादव, विक्रांत यादव, प्रमोद त्रिपाठी, सीताराम सिलावट, दुर्गेश केवट, यशवंत सिंह, बृजेश त्रिपाठी, प्रफुल्ल मिश्रा, आशीष तिवारी, गोपाल मीणा, उत्तम विश्वास,राजा पांडे, राम सिंह धाकड़, रोहित प्रकाश सेठ, असीम दुबे, सुंदरलाल, मेघराज मीणा, मुकेश कुमार, संजय प्रधान आदि बड़ी संख्या में केंद्रीय एवं तथा राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरसिंहपुर (मप्र)

क्रमांक - 5137/राशा/नपाप/2023 नरसिंहपुर दिनांक 31/03/ 2023

### इश्तहार सूचना (भवन/प्लाट नामांतरण सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक 31/03/ 2023 से तीस दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी। सूचित होवें।

| क्रं. | प्रकरण क्रं. | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपत्ति हस्तां. का माध्यम | हस्तांरणकर्त्ता का नाम-पता | हस्तान्तरिति का नाम-पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 383/07.03.23 | भगतसिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | मुकेश कुमार जैन | सुषमा साहू |
| 2 | 384/07.03.23 | किसानी | प्लाट | पंजी.बैनामा | विश्वास परिहार | रेखा चौहान |
| 3 | 385/10.03.23 | तिलक | भवन | बसीयतनामा | सलमा बेगम | शेख इम्तियाज कुरैशी |
| 4 | 386/10.03.23 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | सरवर खान वगैरह | सुल्ताना बी |
| 5 | 387/10.03.23 | रानी अवन्ती | प्लाट | मृत्यु प्रमाणपत्र | शांतिबाई विश्वकर्मा | तुलसीराम विश्वकर्मा वगैण |
| 6 | 388/10.03.23 | गांधी | प्लाट | पंजी. दानपत्र | ईश्वरीप्रसाद श्रीवास्तव | अनुपम,अमित श्रीवास्तव |
| 7 | 389/14.03.23 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | पराग नेमा बगैरह | पूनमचंद चौधरी |
| 8 | 390/14.03.23 | भगतसिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | पराग नेमा बगैरह | कांति यादव |
| 9 | 391/14.03.23 | शिवाजी | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | राजेन्द्र शर्मा | दुर्गेश शर्मा |
| 10 | 392/15.03.23 | तिलक | प्लाट | पंजी. बैनामा | नर्मदा डेव्हलपर्स | अर्पणा अग्रवाल |
| 11 | 393/15.03.23 | नेहरु | भवन | पंजी. बैनामा | ओंकार प्रसाद साहू | प्रीति साहू |
| 12 | 394/15.03.23 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी.बैनामा | राजधर दुबे | शिवानी श्रीवास्तव |
| 13 | 395/15.03.23 | भगतसिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | राजधर दुबे | शिवानी श्रीवास्तव |
| 14 | 396/16.03.23 | नरसिंह | भवन | पंजी. बैनामा | पार्वती, शशि विश्वकर्मा | तनुश्री बसीलियो |
| 15 | 397/17.03.23 | भगतसिंह | प्लाट | पंजी.बैनामा | माया बिसेन | पूजा ठाकुर, राघवेन्द्र गौंड |
| 16 | 398/17.03.23 | पाठक | प्लाट | पंजी.बैनामा | सुनीताबाई विश्वकर्मा | शकुनबाई मेहरा |
| 17 | 399/17.03.23 | संजय | प्लाट | पंजी. बैनामा | स्वदेश उर्फ सुदेश रेजा | बैजंती बाई कुर्मी |
| 18 | 400/17.03.23 | मुशरान | भवन | पंजी.बैनामा | शिवानी साहू | प्रदीप साहू |
| 19 | 401/17.03.23 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | आकाश, अंकित दुबे | रजनी सेन |
| 20 | 402/20.03.23 | पाठक | भवन | पंजी. बैनामा | पूरन लाल पटैल | हिमलेश गौर |
| 21 | 403/20.03.23 | पाठक | भवन | पंजी. बैनामा | पूरन लाल पटैल | सत्येन्द्र कुमार पटैल |
| 22 | 404/21.03.23 | कामथ | प्लाट | पंजी. बैनामा | सुनीताबाई गौंड | मोहम्मद फहीम |
| 23 | 405/21.03.23 | मुशरान | प्लाट | पारि. व्यव. | चंदा बाई चौधरी | राकेश चौधरी |
| 24 | 406/21.03.23 | मुशरान | प्लाट | पारि. व्यव. | चंदा बाई चौधरी | मुकेश चौधरी |
| 25 | 407/21.03.23 | मुशरान | प्लाट | पारि.व्यव. | चंदा बाई चौधरी | दिनेश चौधरी |
| 26 | 408/21.03.23 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी. हकत्याग | माया नेमा | दीपक नेमा |
| 27 | 409/21.03.23 | रानी अवन्ती | भवन | पंजी. हकत्याग | माया नेमा | नीरज नेमा |
| 28 | 410/24.03.23 | मुशरान | प्लाट | बही, डायवर्सन | भगवत सिंह पटैल | भगवत सिंह पटैल |
| 29 | 411/24.03.23 | राम | प्लाट | पंजी.बैनामा | गुरुचरण कौर | प्रदीप सोनी |
| 30 | 412/27.03.23 | मुशरान | प्लाट | पंजी.बैनामा | आशीष, अभिषेक सोनी | लखन सोनी |
| 31 | 413/27.03.23 | भगतसिंह | भवन | पंजी. बसीयत | शेख अब्दुल | शेख इमाम |
| 32 | 414/27.03.23 | राम | भवन | पंजी. बैनामा | सुदेश श्रीवास बगैरह | प्रशांत बुंदेला |
| 33 | 415/27.03.23 | राम | प्लाट | पंजी.बैनामा | ओमप्रकाश श्रीवास्तव बगैरह | प्रशांत बुंदेला |
| 34 | 416/27.03.23 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी. बैनामा | केदार प्रसाद गुप्ता | किशनलाल गुप्ता बगैरह |
| 35 | 417/27.03.23 | शिवाजी | प्लाट | पारि.व्यव. | अहमद शेख बगैरह | मो.यासीन, मो. उवेश |
| 36 | 418/28.03.23 | निरंजन | भवन | पंजी. बैनामा | शरद गुप्ता | सुश्री सावित्री, कल्पना |
| 37 | 419/28.03.23 | किसानी | प्लाट | मृत्यु प्रमाणपत्र | नरेश प्रजापति | गायत्री प्रजापति |
| 38 | 420/28.03.23 | महा.लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | अमित दुबे | चंद्रा सेन |
| 39 | 421/28.03.23 | महा.लक्ष्मी | प्लाट | पंजी.बैनामा | परमजीत सिंह खनुजा | अमिता मिश्रा बगैरह |
| 40 | 422/28.03.23 | महा.लक्ष्मी | भवन | पंजी.बैनामा | संजय श्रीवास्तव बगैरह | अमिता मिश्रा बगैरह |
| 41 | 423/31.03.23 | गयादत | भवन | नजूल पट्टा | संदीप नामदेव नजूल | सुधीर लूनावत |
| 42 | 424/31.03.23 | किसानी | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | नोनेलाल विश्वकर्मा | हाकम सिंह विश्वकर्मा |
| 43 | 425/31.03.23 | किसानी | भवन | पारि. व्यव. | कोमल प्रसाद प्रजापति | विमल कुमार प्रजापति |
| 44 | 426/31.03.23 | किसानी | भवन | पारि. व्यव. | कोमल प्रसाद प्रजापति | डालचंद प्रजापति |
| 45 | 427/31.03.23 | बेलापुरकर | भवन | पंजी.बैनामा | शेख नासिर उस्मानी | शाबिया बी कुरैशी |
| 46 | 428/31.03.23 | शास्त्री | भवन | पंजी.दानपत्र | रामशंकर चतुर्वेदी | गीता मिश्रा |
| 47 | 429/31.03.23 | शास्त्री | प्लाट | पंजी. बैनामा | किरण लता राय | तोफान सिंह धुर्वे |
| 48 | 430/31.03.23 | शंकर | भवन | पारि. व्यव. | रामकिशन,नरेन्द,सुमन | सुनील कुमार साहू |
| 49 | 431/31.03.23 | शंकर | भवन | पारि.व्यव. | रामकिशन,नरेन्द्र,सुनील | सुमन साहू |
| 50 | 432/31.03.23 | शंकर | भवन | पारि. व्यव. | रामकिशन,सुमन,सुनील | नरेन्द्र कुमार साहू |
| 51 | 433/31.03.23 | शंकर | भवन | पारि. व्यव. | सुमन, नरेन्द्र,सुनील साहू | रामकिशन साहू |
| 52 | 434/31.03.23 | आजाद | भवन | पारि.व्यव. | नन्हेलाल सेन | विनोद सेन |
| 53 | 435/31.03.23 | इंद्रा | भवन | स्थाई नजूल पट्टा | राजेश ठाकुर नजूल | प्रदीप कुमार जैन |
| 54 | 436/31.03.23 | शिवाजी | भवन | पंजी.बैनामा | शिप्रा शर्मा | आरतिका जैन |
| 55 | पाठक के सामने | तिलक | दुकान | इकरारनामा | रामकृपाल अहिरवार | रजनी नेमा |
| 56 | न्यू मार्केट | स्टेशन गंज | दुकान | बिक्री पत्र | श्यामलाल गुप्ता | सुगम यादव |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर


## जमा मस्जिद में हुआ रोजा अफ्तार



**बरेला,यशभारत।** जामा मस्जिद मे रोजा अफ्तार का अहतामाम रखा गया जिसमे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल ,, बरेला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष शेख सलीम, सतेंद्र गर्ग,, शहीद खान तोले, मुन्ना सद्दाम,, शेख अब्बास शेख बहीद, फारूख खान, सिकंदर खान, सत्तार खान, राजू खान, हुसैन खान, शेख बाबा, जलील खान, विपिन झारिया, विजय जैन, सुमन बर्मन, विनोद त्रिपाठी, पार्षद भूपेंद्र यादव, अनुराग पटेल, सागर नामदेव, आदि नें जामा मस्जिद पहुंचकर रोजा अफ्तार मै कौमी एकता की मिशाल पेश की।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नर्मदा भाग के संकल्प पथ संचलन में उमड़ी स्वयंसेवकों की भीड़



### संगठनात्मक शक्ति से ही भारत का परम वैभव आयेगा

**जबलपुर,यशभारत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नर्मदा भाग द्वारा संकल्प संचलन संगम कार्यक्रम एमएलबी मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें करीब 1500 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह संचलन दो भागों में एम एल बी मैदान से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ तीन पत्ती चौराहे पर संगम के रूप में मिलकर वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर पूर्ण हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता शिवराम समदड़िया क्षेत्र प्रचारक प्रमुख रहे , एवं मंचासीन विभाग संघचालक कैलाश गुप्ता ,माननीय भाग संघचालक ग्यारसिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रचारक प्रमुख शिवराम समदड़िया ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में कहा कि संघ के 100 साल पूरे हो रहे है पूर्ण जिला, पूर्ण मंडल, पूर्ण खण्ड, बस्ती स्तर तक नियमित शाखायें लगे, सेवा कार्य प्रारंभ हो। उन्होंने कहा कि अपने लोगो की संगठनात्मक शक्ति से ही भारत का परम वैभव आयेगा। पथसंचलन में प्रांत सहकार्यवाह अनुरुद्ध , प्रांत सहव्यवस्था प्रमुख अनंत डिके ,सह प्रचार प्रमुख विनय सोलंकी, भाग कार्यवाह अखिलेन्द्र , विभाग प्रचारक आनंद , मनोज कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकी उपस्थित रहे।

## नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया



**बरेला, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व आवाहन में बरेला मंडल में कांग्रेस के विधायक नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के द्वारा रानी कमलापति के विषय में अभद्र टिप्पणी की गई है जिसके विरोध में आज दलित विरोधी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया। इस कर्यक्रम में सोनू सोनकर चंदन पटेल प्रवेश पटेल अध्यक्ष भाजयुमो बरेला मंडल खुशी लाल महाकाल शर्मा साहू महेश चक्रवर्ती प्रकाश चक्रवर्ती राजकुमार भाटिया मुनि विश्वकर्मा शेरा जैन स्वदेश पटेल विवेक पटेल आशीष मेहरा निशांत चौबे जय सोनी मेसी विश्वकर्मा आनंद सोनी जय सोनी आदि भारतीय जनता पार्टी बरेला मंडल के सभी मोर्चा प्रकोष्ट के ज्येष्ठ श्रेठ मण्डल के पदाधिकरियों एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## रानी कमलापति के अपमान को भाजपा ने बताया गोंड समाज का अपमान

# वीडी शर्मा बोले-कांग्रेस नेता माफी मांगे

**भोपाल , यशभारत। चुनावी साल में भाजपा को कांग्रेस ने एक बड़ा मुद्दा दे दिया है।रानी कमलापति को लेकर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के बयान पर भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक हैं। भाजपा ने रानी कमलापति के अपमान को गोड़ों का अपमान बताया है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता सोनिया गांधी से लेकर कमलनाथ तक सवाल दांगे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर हमला बोला। रविवार को सीएम ने कहा कि गांधी नेहरू परिवार के अलावा कांग्रेस के लिए देश में कोई दूसरा महापुरुष और क्रांतिकारी ही नहीं हुआ।**







नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के बयान के बाद लगातार भाजपा नेता कांग्रेस पर हमलावर हैं। सीएम शिवराज ने स्मार्ट सिटी पार्क में मीडिया से बातचीत में कहा कि मुझे आश्चर्य है कि कांग्रेस सिर्फ एक खानदान का नाम जानती है। वह भी गांधी- नेहरू खानदान। उस खानदान के अलावा कोई महापुरुष हुआ ही नहीं। रानी कमलापति भोपाल की अंतिम हिंदू शासक थी, गोड रानी थी, स्वाभिमानी थी। जब छल और कपट से उनको लगा की दोस्त मोहम्मद खान की सेना जीत जाएगी तो उन्होंने छोटे तालाब में जल समाधी ली थी। छोटे तालाब और बड़े तालाब के पानी में आज भी उनके बलिदान की गुंज सुनाई देती है। हम तो बचपन से पढ़ते थे कि ताल तो बड़ा ताल बाकी सब तलैया। रानी तो कमलापति। यह कमला पार्क नाम किसके नाम पर रखा गया। कांग्रेस बताएं।

### भाजपा महापुरुषों का कर रही महिमामंडन

सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी क्रांतिकारियों और देश के बाकी महापुरुषों का सम्मान नहीं किया। मुझे गर्व है कि भाजपा की सरकार आने के बाद सभी महापुरुष और क्रांतिकारियों को महिमामंडन करने और उनके बलिदान और उनके काम को सामने लाने का काम किया जा रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने रानी कमलापति के अपमान को गोंड समाज का अपमान बताया। उन्होंने सोनिया गांधी से लेकर कमलनाथ से पूछा कि आप गोविंद सिंह के बयान से सहमत है क्या? वीडी शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के बयान पर कहा कि यह गोंड सम्राज्य की अंतिम हिंदू शासक और भोपाल के लिए संघर्ष करने वाली रानी कमलापति का मात्र अपमान नहीं है, यह पूरे आदिवासी गोंड समाज का अपमान है।

### कांग्रेस क्रांतिकारियों का लगातार अपमान कर रही

उन्होंने सोनिया गांधी, कांग्रेस का नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मध्यप्रदेश के अंदर कमलनाथ से पूछा कि आप नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के बयान से सहमत हैं। यदि सहमत नहीं हो तो आदिवासी समाज गोंड सम्प्रदाय से आपको माफी मांगनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि हमेशा से ही कांग्रेस का यही कैरेक्टर रहा है। आदिवासी विरोधी कांग्रेस, महिला विरोधी कांग्रेस, क्रांतिकारी विरोधी कांग्रेस जिन्होंने लगातार इस देश के लिए काम किया है, उन क्रांतिकारियों और बलिदानियों का अपमान करने का भी लगातार कांग्रेस काम कर रही है।

### कौन थी रानी कमलापति

रानी कमलापति 18वीं शताब्दी की भारत की एक रानी और वीरांगना थीं। वह भोपाल से 50 किलोमीटर दूर स्थित गिन्नौरगढ़ के गोंड राजा निजाम शाह की पत्नी थीं। नवम्बर 2021 में भोपाल के च्हबीबगंजज्नामक रेलवे स्टेशन का नाम च्रानी कमलपति रेल्वे स्टेशनज किया गया। 16वीं सदी में भोपाल गोंड शासकों के अधीन था।

## सेहत का रखें खास ख्याल

# गर्मी से होने वाली बीमारियों को लेकर एडवाइजरी जारी

**भोपाल यशभारत।** इस वर्ष तीव्र गर्मी पड़ने का अनुमान जताया गया है। राजगढ़ जैसे नगर में पारा पहले ही 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। भोपाल में जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डा.राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा लू के अलर्ट के साथ ही प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता के लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी है। इसके साथ ही हेल्थ डिपार्टमेंट ने सभी सरकारी अस्पतालों को गर्मी के दौरान होने वाले रोगों से निपटने के लिए तैयार रहने के दिशा निर्देश भी दिए हैं।

### यह रखें सावधानी

- धूप में सावधानी से निकलें। नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें।
- धूप में जाएं तो सिर ढका रहे, टोपी, गमछा, छतरी और दुपट्टे का करें प्रयोग।
- तला हुआ और गरिष्ठ भोजन न करें। मादक पदार्थ, शराब, चाय और काफी का भी करें परहेज।
- ज्यादा गर्मी होने पर ठंडे पानी से शरीर पोंछे या बार-बार करें स्नान।
- पानी, छाछ, ओआरएस का घोल, लस्सी, नींबू पानी, आम का पना पिएं।
- दोपहर 12 से 3 के बीच न निकलें बाहर
- टाइट और सिंथेटिक के बजाय ढीले-ढाले सूती कपड़ों का करें प्रयोग।

अस्पतालों के लिए ये गाइडलाइन जारी

- तेज गर्मी के कारण होने वाले हीट स्ट्रोक जैसे रोगों के लिए अस्पताल में पर्याप्त दवाएं रखना

## रिश्तों की मर्यादा तार-तार...

# ससुर, ककिया ससुर ने बहू संग किया दुष्कर्म

■ भोपाल, यशभारत।



गौतम नगर थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर पति,ससुर और ककिया ससुर के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पति के रात में ड्यूटी जाने के बाद ससुर जबरदस्ती उसके साथ गलत काम करता था। जब बहू ने घटना ककिया ससुर को बताई तो उसने भी गलत काम किया। शिकायत करने पर पति ने मुंह बंद रखने की धमकी दी थी। महिला ने अपने मायके ग्वालियर पहुंचकर मुरार थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने जीरो पर मामला दर्ज कर असल कायमी के लिए डायरी गौतम नगर थाने भेजी थी।

गौतम नगर थाना प्रभारी जहीर खान के मुताबिक मुरार निवासी 23 वर्षीय महिला की पीजीबीटी कालेज रोड पर ससुराल है। उसका फरवरी 2021 में जीशान खान से निकाह हुआ था। जीशान रात के समय ड्यूटी पर जाता था। बेटे के जाने के बाद ससुर अनवर खान बहू के साथ गलत काम करता था। परेशान होकर महिला ने इसकी शिकायत ककिया ससुर शाहिद खान से की तो उसने भी डरा-धमकाकर उसके साथ गलत काम किया। जब महिला ने पति से शिकायत की तो उसने मारपीट करते हुए मुंह बंद रखने को बोला। महिला किसी तरह चार अप्रैल को ससुराल से भागकर अपने मायके मुरार पहुंची, जहां उसने शिकायत की। एफआइआर दर्ज होने की भनक लगते ही तीनों आरोपित फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



# छह साल में सबसे कम तपा अप्रैल का पहला पखवाड़ा

**भोपाल ,ईएमएस।** अमूमन अप्रैल माह में गर्मी के तेवर तीखे होने लगते हैं। राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने लगता है। रात में भी गर्मी महसूस होने लगती है, लेकिन इस वर्ष दिन और रात के तापमान में अभी तक अपेक्षाकृत बढ़ोतरी नहीं हो सकी है। अप्रैल के 15 दिन में सबसे अधिक 39.8 डिग्री सेल्सियस तापमान 13 अप्रैल को दर्ज किया गया है। छह साल में इस वर्ष न्यूनतम और अधिकतमतापमान सबसे कम रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि मार्च के बाद अप्रैल माह में पश्चिमी विक्षोभ के आने का सिलसिला बना हुआ है। इसके अलावा ट्रफ लाइन के रूप में भी मौसम प्रणालियां सक्रिय बनी हुई हैं। हवाओं के साथ नमी आने के कारण लगातार आंशिक बादल बने हुए हैं। इस वजह से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो सकी है। अभी तीनङ्कचार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है। बादल छंटने के बाद ही दिन के तापमान बढ़ेंगे।

# गेहूं खरीदी में गड़बड़ी करने पर केंद्र प्रभारी निलंबित

■ भोपाल, यशभारत।



जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जारी है, इसके लिए लगभग 80 से अधिक उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर सख्ती नहीं होने की वजह से इनके प्रभारियों द्वारा गेहूं खरीदी एवं तुलाई में मनमानी की जा रही है। जब इसका पता संभागायुक्त मालसिंह को चला तो उन्होंने अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक केंद्र पर गेहूं खरीदी में गड़बड़ी मिली। केंद्र प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, संभागायुक्त के दौरे के बाद बैरसिया एसडीएम ने वेयरहाउस मालिकों के साथ बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार संभागायुक्त मालसिंह ने शुक्रवार को ग्राम धर्मरा स्थित खरीदी केंद्र मां हरसिद्धि वेयर हाउस का निरीक्षण किया था। इस दौरान केंद्र पर प्रभारी बृजेश कुशवाह द्वारा निर्धारित खरीदी केंद्र के मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा था। इसके चलते संभागायुक्त ने निलंबित करने की कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इधर, बैरसिया एसडीएम आदित्य जैन ने उपार्जन में संलग्न समितियों, समूह के प्रबंधक, वेयर हाउस मालिक, प्रबंधक एवं सर्वेयरों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि किसानों के लिए वेयर हाउस सहित सभी खरीदी केंद्रों पर पीने का पानी, टेंट, कुर्सी एवं आफिस सेटअप की व्यवस्था करने एवं पर्याप्त संख्या में तौल कांटे एवं हम्मालों की व्यवस्था करने के लिए कहा है।





# व्यस्ततम क्षेत्रों में खुलवा दी शराब दुकानें, लोग परेशान

■ भोपाल, ईएमएस।

शहर के रहवासी इलाकों में शराब दुकानों को लेकर आए दिन विरोध हो रहा है, लेकिन अधिकारी इसका हल नहीं खोज पा रहे हैं। उलटा हो यूं रहा है कि जिन क्षेत्रों में विरोध होता है वहां से शराब दुकानें हटाकर दूसरे क्षेत्रों में शिफ्ट करा दी जाती हैं और फिर यहां विरोध शुरू हो जाता है। शहर में यही हो रहा है। बीते दिनों कोहेफिजा क्षेत्र में स्कूल के पास से शराब दुकान को हटाकर थाने व सरकारी दफ्तरों के बीच में शिफ्ट कर दिया गया था। लेकिन यह एक व्यस्त इलाका है, जहां दिनभर लोगों की खूब आवाजाही रहती है। इतना ही नहीं, यह भोपाल-संत हिरदाराम नगर का मुख्य मार्ग है, जहां से व्यापारियों का आना-जाना लगा रहता है। अब इस क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है, जिसका हल अधिकारी नहीं निकाल पा रहे हैं। शहर में दूसरी जगहों भी ऐसा ही हुआ है।

### कोहेफिजा थाने से महज 100 कदम दूर दुकान

स्टेट बैंक चौराहा कोहेफिजा में कलेक्टोरेट के ब्रिज के नीचे शराब की दुकान के लिए जगह दी गई है। यहां निगम से अनुमति मिलने के बाद शेड तैयार कर लिया गया है। इसमें से ही शराब बेची जाएगी। यह दुकान लोकायुक्त आफिस और कोहेफिजा थाने से 100 से 200 मीटर दूर है। वैसे तो नगर निगम ब्रिज के नीचे लगी दुकानों को अतिक्रमण बताकर हटा देता है, लेकिन यहां तक खुद निगम ने ही शराब दुकान के लिए जगह दी है। यह दुकान कोषालय कार्यालय के ठीक सामने है। वहीं, मुख्य रोड भी गुजर रही है हर दिन शाम को शराब पीने वालों की दुकान पर भीड़ लग जाती है। इस कारण जाम की स्थिति सहित कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होने लगी हैं।

### यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन रही दुकान

शहर के पाश इलाकों में शामिल शाहपुरा के सिटी बस के स्टाप के लिए बनाए गए यात्री प्रतिक्षायल के ठीक पीछे शराब की दुकान खोली गई है। शेड में दुकान लग रही है, जो खुद निगम ने ही बनाकर दी है। दरअसल शराब दुकान के लिए कारोबारी को दुकान किराए पर नहीं मिली थी, इस कारण वह खुले में ही दुकान संचालित कर रहा था। आबकारी विभाग ने इसे शेड में शिफ्ट कराया है। इसके बाद भी रहवासी और राहगीरों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। सड़क पर ही वाहन खड़े हो जाते हैं तो लोग हंगामा करने लगते हैं।

## वर्दी पर दाग लगाने वालों को भेजा, 800 किलोमीटर दूर भेजा

# चार पुलिसकर्मी रिश्वत लेते, थाने में शराब पीते मिले

■ भोपाल, यशभारत।



प्रदेश में अलग-अलग जिलों में चार पुलिसकर्मियों को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा हैं। इनके अलावा दो पुलिसकर्मी लोकायुक्त पुलिस की दबिश की सूचना पाकर थाने से भाग गए। यह मामले बीते 19 दिन के भीतर के हैं। अब वर्दी पर दाग लगाने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुधीर कुमार सक्सेना के निर्देश पर सख्त कार्रवाई की गई है। इन्हें निलंबित कर उनके मुख्यालय से 800 किलोमीटर दूर भेजा गया है। साथ ही आगामी आदेश तक लाइन में ही रखने को कहा गया है। 28 मार्च को रीवा मे ट्रैफिक सूबेदार दिलीप कुमार तिवारी एवं आरक्षक अमित सिंह को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते पकड़ा था। डीजीपी के आदेश पर दोनों को निलंबित किया गया था। इसके बाद अब दोनों का मुख्यालय परिवर्तन किया गया है। दिलीप तिवारी को रीवा से शाजापुर एवं अमित सिंह को रीवा से भिंड भेजा गया है। 30 मार्च को रीवा जिले के समान थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता और उप निरीक्षक रानू वर्मा द्वारा होटल संचालक से पैसा मांगने की शिकायत लोकायुक्त पुलिस को मिली थी।

लोकायुक्त की दबिश से पहले दोनों थाना छोड़कर भाग गए थे। सुनील कुमार गुप्ता को रीवा से खंडवा एवं रानू वर्मा को रीवा से टीकमगढ़ स्थानांतरित किया गया।रीवा जिले में ही मऊगंज थाने के कार्यवाहक एएसआइ राजकुमार पाठक को 14 अप्रैल को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एएसआइ को रीवा से बड़वानी स्थानांतरित किया गया है।

लोकायुक्त पुलिस से रिपोर्ट मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण में थाना प्रभारी को अपने अधीनस्थों पर ठीक से पर्यवेक्षण न करने के कारण थाना मऊगंज से लाइन अटैच किया गया।मुरैना में हाल ही में पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण के समय साइबर सेल द्वारा गड़बड़ी किए जाने की शिकायत मिली थी।

## जालसाजी का नया तरीका

# गलती से पैसा ट्रांसफर का झांसा देकर खाते से 78 हजार उड़ाए, बातों में उलझाकर ठगा

■ भोपाल, ईएमएस।





राजधानी भोपाल के लोगों को जालसाज अलग-अलग तरीकों से ठगी का शिकार बना रहे हैं। आए दिन ठगी के तरीके बदल रहे हैं। अब जालसाज सीधे फरियादी को फोन कर उसके खाते में गलती से पैसे चले जाने का झांसा देकर खाते में राशि ट्रांसफर करा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला भोपाल में आया है। जांच के बाद साइबर क्राइम ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। शाहपुरा पुलिस के अनुसार 38 वर्षीय सरदार सिंह पुत्र पंचम सिंह एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में सुपरवाइजर हैं। नंवबर 2022 में वह अल्टीमेट स्काई विला शाहपुरा स्थित कंस्ट्रक्शन साइट पर काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अंजान मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उन्हें बताया कि तुम्हारे खाते में गलती से 20 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं, तुम्हारे पास मैसेज भी आया होगा। जब फरियादी ने चेक किया तो उसके पास कोई मैसेज नहीं आया था। इस पर शातिर जालसाज ने कहा कि तुम मुझे पैसा लौटा दो जल्द ही तुम्हारे खाते में पैसा आ जाएगा। इसी दौरान आरोपी ने फरियादी को अपनी बातों में उलझाकर, दो बार में अलग-अलग नंबर बताकर कुल 78 हजार 460 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए।

## कमल नाथ बोले

# मध्य प्रदेश चुनाव में यादव समाज के प्रतिनिधियों को टिकट देंगे

■ भोपाल, यशभारत।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में यादव समाज के जनप्रतिनिधियों को टिकट देगी। साथ ही सत्ता में आने पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। हमारी सरकार ने इस वर्ग को आरक्षण दिया भी था, पर भाजपा सरकार ने इसे समाप्त करा दिया। वे राजधानी के मानस भवन में शनिवार को हुए यादव समाज के जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां नाथ को फिर मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

### केंद्र सरकार की जातिगत गनगणना जारी

कमल नाथ ने स्व् मुलायम सिंह यादव, सुभाष यादव और शरद यादव का स्मरण करते हुए कहा कि समाज के इन नेताओं ने सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी। कांग्रेस की स्पष्ट मांग है कि केंद्र सरकार को जातिगत जनगणना करानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि कमल नाथ ने हमेशा ओबीसी वर्ग और यादव समाज का सम्मान किया है।एक ही बार आग्रह करने पर उन्होंने भोपाल के अपेक्स बैंक भवन का नाम सुभाष यादव भवन रख दिया। कोई और नेता होता तो ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने को प्रचारित करने के लिए प्रदेश में बड़े कार्यक्रम करता, लेकिन कमल नाथ ने पूरी शालीनता से आरक्षण दिया था। कार्यक्रम में 42 जिलों के सरपंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद और निकायों के अध्यक्ष शामिल हुए।

### किसने-क्या कहा

- पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि जातिगत समीकरण पर टिकट वितरण नहीं होना चाहिए। जो काबिल हैं उन्हें मौका मिलेगा। मजबूत को टिकट मिलेगा तो पार्टी भी मजबूत होगी।- विधायक संजय यादव ने कहा कि सिर्फ खानापूर्ति के लिए जातिगत आधार पर टिकट वितरण न हो। अहीर रेजीमेंट के गठन पर भी कुछ नहीं हुआ।
- पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव यादवों को उनकी संख्या बल के आधार पर ही टिकट मिलना चाहिए।

# आयुष चिकित्सक के हवाले पीएचसी गोसलपुर, सौ गांव के मरीज हलाकान

## एमएलसी कराने में पुलिस परेशान

**गोसलपुर, यशभारत।** सिहोरा विधानसभा के अंतर्गत सिहोरा तहसील के लगभग 60 गांवों एवं मझौली तहसील के लगभग 40 गांव को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसलपुर आयुष चिकित्सक के हवाले हो गया है जिसके कारण लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर घटना दुर्घटना में घायल लोगों के इलाज व एमएलसी कराने के लिए स्थानीय गोसलपुर पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भले ही सरकार द्वारा कायाकल्प अभियान के तहत पीएचसी को बेहतर बना दिया गया है बडी मात्रा मे संसाधन उपलब्ध करा दिए गए है परंतु




यहा पर पदथ रहे बीएमओ डां. दीपक गायकबाड के मझौली स्थानांतरण होने के कारण यहां की व्यवस्था चौपट गई है ज्ञात हो की पिछले काफी लंबे समय से बेहतर इलाज से लोगों का रुझान सरकारी अस्पताल की ओर लगातार बड़ा और प्रतिदिन दो सैकडा मरीज पहुंचने लगे ऐसे में मात्र एक आयुष चिकित्सक के भरोसे सैकडो गांव की जनता की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की जवाबदारी आयुष चिकित्सक के हवाले कर दी गई है जिससे मरीजों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लोगों ने इस दिशा में जिला प्रशासन के मुखिया समेत जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से ध्यान देने की मांग की है शीघ्र ही पीएससी गोसलपुर में स्थाई चिकित्सक की नियुक्ति के संबंध में जनसेवा समिति गोसलपुर का एक प्रतिनिधि मंडल जिले के मुखिया सौरव सुमन से मिलकर चर्चा करेगा।

# युवा मोर्चा ने फूंका पुतला

**गोसलपुर, यशभारत।** सिहोर ग्रामीण मंडल के तहत रविवार को गोसलपुर में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के विधायक गोविंद सिंह द्वारा रानी कमलापति के विषय मे अभद्र टिप्पणी की गई है जिसके विरोध मे रविवार को बस स्टैंड मे दलित विरोधी कांग्रेस नेता गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया इस मौके पर युवा मोर्चा जबलपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल



युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश जैन राजा सोनी जी कमल पटेल मोंटी दुबे राहुल तंतुबाय सुखदेव पटेल पवन यादव अभिषेक पटेल अमित सिंह परिहार आदर्श चौहान राहुल जैन आयुष पांडे शौर्य सिंह ठाकुर दीपांशु पांडे अजय लहंगेरा प्रिंस उपाध्याय सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

### सुनीति शतक ,निरंजन शतक, श्रमण शतक ,भावना शतक, चैतन्य चंद्रोदय शतक, परिषय जय शतक पर संगोष्ठी संपन्न




**शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** ज्ञान के रस मैं आनंद आता है , रस के बिना भीतर से आनंद आता ही नहीं है जिसके बिना मनुष्य के व्यक्तिव मैं सौंदर्य नहीं आता वह रस है । वह रस स्वभाभिक होता है जो व्यक्ति के अंदर से स्वयं प्रकट होता है । ध्यान का रस अलग है भक्ति का रस अलग सुनने का रस अलग होता है और सुनाने का अलग किंतु ज्ञान का रस अलग है वह भीतर से स्फूर्ति देता है । यह सब रस अस्थाई होते है किंतु चेतना का रस एक स्थाई रस है अनेक विंधवानो ने इसकी चर्चा की है । श्री राम , महावीर , और बुद्ध आदि इसी स्थाई रस की धारा मैं डूबे हुए है । वह चेतना का रस शांत रस है । शांत रस 9 रसो मैं शांत रस सर्वश्रेष्ठ है । योग वशिष्ट मैं श्री राम ने कामना की है की जिनेंद्र भगवान मैं जो शांति दिखाई देती है वही शांति मैं चाहता हूँ ।उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज ने शहपुरा मैं व्यक्त किए । ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8-30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । जिसके अन्तर्गत आचार्य श्री के स्वर्णिम इतिहास में आचार्य श्री जी के संस्कृत साहित्य पर संगोस्टी कार्यकम चल रहा था जिसका आज समापन हुआ । जिसमे , प्रो. शिवकुमार शर्मा, प्रो. भक्तिपुत्र रोहतम, प्रो. अशोक कुमार जैन, डॉ रवि गुप्त मौर्य, प्रो. शीतल चंद्र जैन, ब्रह्मचारी विनोद भैया जी, डॉ फिरोज खान, प्रो. संगीता मेहता, डॉ निशित गौड, डॉ . उमेश कबीर , डॉ . स्वदेशी जैन , डॉ . आशीष ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री प्रणम्य सागर जी द्वारा रचित एक अद्धयन ग्रंथ का विमोचन हुआ और कार्यक्रम का संचालन स्याद्वाद महाविद्यालय वाराणसी के प्राचार्य डॉ अमित जी जैन ने किया । जैन पंचायत द्वारा समस्थ अतिथि का स्वागत और आभार प्रकट किया ।

# रानी कमलापति का अपमान जनजाति समाज का अपमान है

## कांग्रेस नेता गोविंद सिंह का युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन



**सिहोरा, यशभारत।** कांग्रेस नेता और विधायक गोविंद सिंह के द्वारा विगत दिनों एक सभा में रानी कमलापति के विरोध में अपमानजनक टिप्पणी की जिस पर भारतीय जनता पार्टी नेताओं के द्वारा घोर आपत्ति जताई गई मध्य प्रदेश भाजपा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया गया भाजयुमो जबलपुर ग्रामीण के आह्वान पर विधायक भाजपा प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी,भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकडे एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल की उपस्थिति में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा कुंडम बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन कर गोविंद सिंह का पुतला जलाया गया ! नंदनी मरावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही आदिवासी समाज की विरोधी रही है जनजाति महा नायकों को भाजपा सरकार में मिल रहे सम्मान से चिड़ि कांग्रेस अब उनके खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर रही है रानू तिवारी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसी टिप्पणी कर अपने संस्कारों को दर्शाती है भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने कहा कि भारत की अस्मिता का प्रतिबिंब ,अपने सतीत्व को बचाने के लिए जल जौहर करने वाली वीरांगना के प्रति ऐसे शब्दों का प्रयोग,नारी शक्ति के प्रति कांग्रेस की मानसिकता को प्रदर्शित करता हैं, निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। हम सभी युवा साथी इसकी और भर्त्सना करते हैं और गोविंद सिंह जी से आदिवासी समाज से माफी मांगने के लिए मांग करते हैं। इस अवसर पर कमलेश साहू, सतीश अवस्थी ,रमेश विश्वकर्मा, शिवांशु जायसवाल, राहुल निगम जिला कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा ,राजेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा ,आकाश गोस्वामी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।




# सरकार ने अहाता बंद किए तो मुख्य रोड पर बना लिया शराबियों ने अपना अहाता

## आम जनता परेशान

**पनागर, यशभारत।** नई शराब नीति में मध्य प्रदेश सरकार ने अहातों को बंद किया लेकिन पनागर नगर में रोड पर शराबियो ने अपना अहाता बना लिया शराब ठेकेदारों एवम पनागर पुलिस की लापरवाही के कारण मुख्य मार्ग पर लोग किनारे वैठकर शराब का सेवन कर रहे है जो आम जनो के लिए समस्या का विषय बना हुआ है पनागर के स्वप्निल ठाकुर धनेश पटेल अंकित जैन प्रवीण कोरी अनिल पटेल राहुल जैन रामराज केवट आदि ने बताया कि पनागर पुलिस शराब ठेकेदारों की एजेंट बनी हुई है जब शराब नीति में स्पष्ट है कि शराब दुकानों में किसी प्रकार का खाद्यय पदार्थ पानी आदि का विक्रय नही होगा लेकिन पनागर में इसका पूर्ण उलंघन हो रहा है और पनागर पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है जो आम जनता के लिए समस्या का कारण बना हुआ है।

# सेन महाराज का 723 वां जयंती महोत्सव आज धूमधाम मनाया जावेगा



**इटारसी, यशभारत।** संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज का 723 वा जयंती महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ सेन समाज इटारसी के द्वारा 17 अप्रैल सोमवार को मनाया जावेगा । सेन समाज के द्वारा दिनभर धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। सेन समाज की सभी दुकानें बंद रहेंगी। दोपहर में विशाल वाहन रैली पुरानी इटारसी से प्रारंभ होगी ।नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए चिकमंगलूर चौराहे पर आएगी ।यहां पर पूर्व अध्यक्ष राकेश सेन एवं राजेश सेन के द्वारा वाहन रैली का स्वागत किया जाएगा। जिसके पश्चात वाहन रैली श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर जाएगी ।यहां पर रैली का विश्राम होगा। रैली का स्वागत किया जाएगा ।भगवान सेन जी महाराज की पूजा की जाएगी एवं प्रसाद वितरण होगा ।साय काल 6-00 से पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम गांधी स्टेडियम के सामने मुख्य हाल में संत शिरोमणि भगवान सेन जी महाराज का मुख्य जयंती समारोह एवम सामाजिक भंडारा होगा ।जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा होंगे। एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्री जितेंद्र ओझा रहेंगे। सेन समाज के अध्यक्ष धीरेंद्र सराठे, उपाध्यक्ष आशीष सेन, सचिव सागर सराठे एवं मध्य प्रदेश सेन समाज के कार्यकारी अध्यक्ष ओम सेन ने भगवान सेन जयंती की सभी को बधाई दी है।

# भगवान परशुराम की जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

## ब्राह्मण समाज सिहोरा ने लिया निर्णय



**सिहोरा, यशभारत।** भगवान विष्णु के छटवें अवतार एंव ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम जी की जयंती पर ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ शोभायात्रा भी निकाली जायेगी उक्ताशय का निर्णय ब्राह्मण समाज सिहोरा की आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में रविवार को लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की 22 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव पर सुबह 8 बजे शिवमंदिर बाबाताल से सभी विप्रजनों महिला पुरुषों के द्वारा शोभायात्रा निकाली जायेगी जो मैना कुआं से होकर शुक्ल जी की बखरी के पास स्थित पंडित विशुद्धानन्द पांडे ब्राह्मण समाज भवन में सपन्न होगी जहां पर दोफहर 10 बजे भगवान का पूजन अर्चन एंव प्रसाद वितरण किया जायेगा ।इसी तरह शाम को 7 बजे से मिस्पा मिशन स्कूल मार्ग में समाज के मंत्री सुरेन्द्र तिवारी के यहां काव्यगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें नगर उपनगर के कविगण अपनी कविताएं प्रस्तुत करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में सभी विप्रजनों से उपस्थिति की अपील समाज द्वारा की गई है।बैठक में समाज के संरक्षक जयप्रकाश दुबे,अध्यक्ष राकेश पाठक,सुरज पाठक,सुरेन्द्र तिवारी,प्रवीण कुररिया,प्रवीण गौतम,गोपाल पाठक,नरेन्द्र त्रिपाठी,रवि दुबे,अनिल कुररिया, अनिरूद्ध त्रिवेदी,सुनील तिवारी,एम एल गौतम,अरविंद उपाध्याय, राजेन्द्र दुबे,महिला मंडल अध्यक्ष धर्मशीला दुबे,विमलेश खम्परिया,रमाकांत पाठक सहित अनेक विप्रजन उपस्थित थे।

# सैकडों ग्रामवासियों के लिए वरदान साबित होगा सिहोरा जिला

## 81 वें धरने में जारी किया पर्चा




**सिहोरा, यशभारत।** सिहोरा के जिला बनने से सिहोरा, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद और मझौली विकासखंड के ऐसे अनेक गांव और नगर हैं जिनके लिए सिहोरा जिला वरदान साबित होगा ।इन प्रमुख ग्रामों और नगरों की उनके वर्तमान के जिले कटनी और जबलपुर से दूरी बहुत अधिक है वही सिहोरा से इन सभी ग्रामों का सीधा पहुँच मार्ग भी है और दूरी भी बहुत कम है।सिहोरा जिला के संबंध में एक पर्चा जारी करते हुए लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपने 81 वे धरने में बताया कि सिहोरा जिला बनना सैकड़ों ग्रामों के लाखों लोगों के लिए हितकर है।

### ऐसी है जिला मुख्यालय और सिहोरा से दूरी

- सिहोरा से सिलोंडी की दूरी 40 किलोमीटर जबकि कटनी से 90 किलोमीटर
- पान उमरिया से सिहोरा की दूरी 20 किलोमीटर जबकि पान उमरिया से कटनी की दूरी 41 किलोमीटर
- ढीमरखेड़ा से सिहोरा की दूरी 32 किलोमीटर जबकि कटनी से ढीमरखेड़ा की दूरी 53 किलोमीटर
- खमतरा से सिहोरा की दूरी 65 किलोमीटर जबकि खमतरा से कटनी की दूरी 82 किलोमीटर
- बहोरीबंद से सिहोरा की दूरी 25 किलोमीटर जबकि बहोरीबंद से कटनी की दूरी 49 किलोमीटर
- बाकल से सिहोरा की दूरी 40 किलोमीटर जबकि बाकल से कटनी की दूरी 64 किलोमीटर
- बचैया से सिहोरा की दूरी 18 किलोमीटर जबकि कटनी से 58 किलोमीटर
- स्लीमनाबाद से सिहोरा की दूरी 24 किलोमीटर जबकि कटनी से दूरी 27 किलोमीटर
- मझौली से सिहोरा की दूरी 19 किलोमीटर जबकि जबलपुर की दूरी 40 किलोमीटर
- आंकड़ों को जारी करते हुए जिला आंदोलन समिति ने बताया कि सिलोंडी, पान उमरिया, ढीमरखेड़ा बहोरीबंद, बाकल ,स्लीमनाबाद, बचैया,खमतरा जो कि वर्तमान में कटनी जिले में शामिल है समस्त ग्रामों की कटनी से दूरी सिहोरा की तुलना में लगभग दोगुनी से ज्यादा है वही मझौली जबलपुर जिले का हिस्सा है उसकी दूरी सिहोरा से 19 किलोमीटर जबकि जबलपुर जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूरी है।

### इनका कहना है

कटनी जिले में रहकर हम वनवास काट रहे है। जिला मुख्यालय जाना किसी सजा से कम नही।वहीं सिहोरा हमारे क्षेत्र की आत्मा है।हम सिहोरा जिला में शामिल होना चाहते है।

– शंकर लाल राय, वरिष्ठ समाज सेवी,सिलोंडी

ढीमरखेड़ा से सिहोरा का सीधा मार्ग है जबकि कटनी के लिए नही।सिहोरा तहसील में ढीमरखेड़ा शामिल रहा है।सिहोरा को जिला बनाकर ढीमरखेड़ा को उसमें शामिल करना उचित होगा।

संजीव ज्योतिषी,ढीमरखेड़ा

बचैया को कटनी जिले में शामिल करना बिल्कुल गलत है।सिहोरा से ही बचैया के व्यापारिक,सामाजिक और आत्मिक संबंध है।– अनुराग मिश्रा,बचैया

मझौली तो हमेशा से सिहोरा जिला का पक्षधर रहा है।सिहोरा मझौली तो एक पिता की दो सगी संतानों जैसे है।सरकार सिहोरा को जिला बनाकर मझौली को उसमें शामिल करें।

मदन साहू,समाजसेवी,मझौली

# मुनि श्री के आशीर्वाद वचनों से कर रहे पुण्य लाभ अर्जित

**नरसिंहपुर, यशभारत।** मुनि श्री संभव सागर महाराज जी ने ग्रीष्मकालीन वाचना के आशीर्वाद वचन में विगत दिवस कहा कि श्रावक जिन वाणी माता का वाचन तो सुनने बैठा है, परंतु समय की हमारे पास अत्यंत कमी है, पहले लोगों के पास बहुत समय होता था, पहले लोगों के पास कार्य करने के लिये मशीन यंत्र नहीं हुआ करते थे, सारे कार्य जैसे पीसना, पानी भरना, कपड़ा धोना, अग्नि जलाना सभी कार्य हाथ से ही संपादित किये जाते थे, स्वस्थ्य रहते थे और समय ही समय रहता था, पहले संसाधन कम हुआ करते थे परंतु समय हुआ करता था, परंतु वर्तमान में सभी कार्य मशीन से संपादित करने के लिये भौतिक संसाधन जुटा लिये गये है और जरूरत पडने पर नये-नये भौतिक संसाधन को समय बचाने हेतु जुटाया जा रहा है, फिर भी समय कहां जा रहा है, जबकि बेहद समय बच रहा है, आप अपना समय सिर्फ टीवी, मोबाईल, व्यर्थ की निन्दा करने में अपना समय का सदुपयोग व दुरूपयोग करते है, यह वही ही जानें हम अपना आंकलन स्वयं बहुत अच्छे से कर सकते है, दूसरा करता है तो बहुत बुरा लगता है। अपने आशीष वचन में उन्होनें कहा कि आज नवयुवक पीढ़ी के बच्चे 12बजे तक अपने मोबाइल से खेलते है, मोबाईल में ग्राहक को जो अच्छा लगता है मोबाईल लोगों वही परोसता है, परीक्षा के लिये विद्यार्थी अपने विषय के लिये मोबाईल का उपयोग करता है, परंतु इसी के साथ विद्यार्थी को कुछ ओर देखने मिलता है जिससे उसके समय का दुरूपयोग होने लगता है । कुछ परिस्थितयों व स्थितियों में आप हमसे कुछ सीखने बैठे हो, परंतु नवयुवक पीढ़ी के पास आज भी समय नहीं है। स्वाध्याय क्या है हम आपकी पहले भूख देख रहे है, स्वाध्याय के लिये कक्षा एवं अनुशासन अनिवार्य है, हमारे जीवन में तीन अत्यंत महत्वपूर्ण आराध्य है। जीव को दर्पण में आंख खोलकर देखने की आवश्यकता होती है, तभी दिखाई देता है, पर भगवान को नहीं होती है, क्योंकि वे अंतर्यामी होते है। जिनवाणी सुनने के लिये ललक अति आवश्यक है, जिनमें भावना ठसाठस भरी होती है, उससे समझ आता है कि आप में जिनवाणी सुनने की तीव्र अभिलाषा है धार्मिक अनुष्ठान के लिए श्रावक अपना समय लगायेंगे तो कल्याण अवश्य होगा ।

# गेहूं उपार्जन संबंधी निर्देश

**नरसिंहपुर, यशभारत।** रबी विपणन वर्ष 2023- 24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन नीति निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले के सभी उपार्जन समिति को दिये हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर तत्काल प्रभावशील किया है। जारी आदेश के अनुसार कृषकों से गेहूं उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार प्रात: 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जोवगा। कृषक तौल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जावेगी। निर्धारित दिवसों में ही उपार्जन का कार्य सुनिश्चित किया जावेगा। जिन कृषकों की उपज तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेगा, उनकी तौल शनिवार को की जावेगी। शनिवार एवं रविवार को शेष स्कंध का परिवहन, भंडारण, लेखा का मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध का अपग्रेडेशन बापसी की जावेगी। गोदाम कैप सतर पर गुणवत्ता परीक्षण में पाये जाने वाले नॉन एफएक्यू स्कंध का भंडारण उपार्जन समिति द्वारा गोदाम कैप पर नहीं किया जावेगा। विशेष परिस्थिति में 5 दिवस से अधिक गोदाम कैप पर भंडारण नहीं किया जायेगा। सर्वेयर प्रतिदिवस निर्धारित उपार्जन समयावधि पर उपार्जन पर उपस्थित रहेंगे। सर्वेयर द्वारा कृषक की स्लॉट बुकिंग मात्रा का उपार्जन केन्द्र पर लाये हुए समस्त स्कंध का गुणवत्ता परीक्षण किया जावेगा। अगर कृषक द्वारा गुणवत्ता परीक्षण एफएक्यू के उपरांत शेष स्लॉट बुकिंग मात्रा स्कंध ट्राली लायी जाती है, तो उस स्कंध ट्राली का दोबारा गुणवत्ता परीक्षण एफएक्यू किया जावे, अन्यथा की स्थिति में उक्त स्कंध मात्रा की तौल न कराई जावे।

# सिविल कोर्ट गोटेगांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन



**सिहोरा, यशभारत।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित केंद्रीय जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री सम्मानीय श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि परिस्थितियां तेजी से बदल रही है और इस परिवर्तन को स्वीकार करते हुए हमें अपने -अपने कर्तव्य पूर्ण करने की आवश्यकता है। श्री पटेल ने संविधान एवं पेशे का संवध बतलाते हुए कहा कि वकालत का पेशा धैर्य, अनुभव एवं कर्तव्य पर आधारित है इसलिए इस पेशे में आने वाली युवा पीढ़ी को वरिष्ठ अधिवक्ताओं के जीवन से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुभव से बदलती परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है। श्री पटेल ने कहा कि लाइब्रेरी हम सभी के जीवन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है, हम लाइब्रेरी में कितना समय दे सकते हैं, यह हमको तय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में लाइब्रेरी संस्कृति का अपना इतिहास रहा है, हमें इसे बचाने एवं बढ़ाने में अपना अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होंने संस्कृति मंत्रालय के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि किसी भी लाइब्रेरी की कीमत उसमें रहने वाले पुराने साहित्य से की जा सकती है, पुरानी पुस्तक का अपना मूल्य है और इस धरोहर को बनाए रखने में हमें अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए सहयोग देना चाहिए। उन्होंने सिविल कोर्ट गोटेगांव में कार्यरत अधिवक्ताओं को सेवा कार्यो की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह हमेशा आप सभी के संकल्प में सहभागी रहेंगे। इस अवसर पर श्री पटेल ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के योगदानों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अधिवक्ता संघ को शुभकामनाएं देते हुए डॉक्टर अंबेडकर जी के जयंती दिवस पर श्रद्धा सुमन समर्पित किये। उन्होंने भारत रत्न एवं युग पुरुष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के राष्ट्रवादी व्यक्तित्व को शब्द सुमन से सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी अधिवक्ताओं एवं नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में नरसिंहपुर विधायक श्री जालम सिंह पटेल ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर ,नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे, हाकम सिंह चढ़ार, संतोष दुबे, राजकुमार जैन ,मुकेश चोकसे ,अभिषेक पटेल ,सतीश अग्रवाल, , आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन एवं आभार एडवोकेट अशोक पटेल द्वारा किया गया।

# अमदरी ग्राम ने अज्ञात कारणों के चलते घर में लगी भीषड़ आग ,आनज सहित ग्रहस्थी जलकर हुई खाक





**निवास,यशभारत।** जिले में अब लगातार आग जनी की घटनाएं सामने आ रही हैं वही जानकारी के अनुसार निवास थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम आ मदारी में अज्ञात कारणों के चलते रूप सिंह पिता मोती लाल उम्र 62 वर्ष के घर में आग लग गई देखते ही देखते आग विकराल हो गई और घर के अंदर रखी घर गृहस्थी जलाकर खाक हो गई घटना की जानकारी निवास के 100 डायल को दी गई जानकारी मिलते ही 100 डायल से पायलट प्रदीप साहू आरक्षक बुद्ध सेन मरावी पहुंचे वही ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया बताया गया की घटना के बाद दमकल वाहन भी पहुंचा तब तक देर हो चुकी थी वही घर के मालिक ने बताया की उक्त आग जनी पर घर के अंदर रखे अनाज जो की महुआ दो किवंटल बटरा एक किवंटल मसूर एक किवंटल गेहूं एक किवंटल अलसी दस कूड़े धान एक किवंटल राई एक किवंटल कोदो कुटकी एक एक किवंटल सहित अंदर रखे घर गृहस्थी जलकर खाक हो गई वही बताया गया की लगभग लाख का नुकसान हुआ है घटना की जांच निवास पुलिस कर रही हैं वही राजस्व विभाग को भी जानकारी दी गई हैं।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने फूंका गोविंद सिंह का पुतला



**कटंगी, यशभारत।** कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह द्वारा रानी कमलापति के विषय मे अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा दलित विरोधी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन कटंगी बस स्टैंड में किया गया जिसमे नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष अमिताप साहू नगर अध्यक्ष राजेश जिला जिला ग्रामीण कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मोटू यादव युवा मोर्चा महामंत्री विवेक गर्ग युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपेंद्र अग्रवाल कमलेश साहू अर्पण साहू सौरभ विश्वकर्मा बिट्टू जैन शोभित दुबे प्रथम जैन रोशन साहू व सभी भाजपा कार्यकर्ता एवम वरिष्ठ जन युवा साथी उपस्थित रहे।

# KHUSHBU SUNDAR ने MS DHONI को किया प्रणाम

**तस्वीर शेयर कर बताया थाला, लोगों ने इस वजह से जताई नाराजगी!**

**चेन्नई, एजेंसी।** खुशबू सुंदर भारतीय सिनेमा का बढ़ा नाम है और वे राजनीति की दुनिया में भी सक्रीय हैं. महिलाओं के अधिकारों पर अपनी मजबूत राय और बयानों से हमेशा सुर्खियां बटोरने वाली मशहूर स्टार ने हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग की नई सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला है. फिलहाल खुशबू चेन्नई सुपरकिंग्स के कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी के साथ फोटो लेकर चर्चा में हैं. अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर दर्शकों के पसंदीदा क्रिकेटर माही के साथ एक तस्वीर साझा की.



## धोनी के साथ खुशबू की पोस्ट पर फैंस की प्रतिक्रिया

खुशबू ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर क्रिकेटर एमएस धोनी के साथ एक तस्वीर अपलोड की है. पोस्ट के लिए कैप्शन में लिखा है, च्और त्त थाला के साथ एक तस्वीर निश्चित रूप से सोने पर सुहागा है. बहुत बहुत धन्यवाद माही.' यह निश्चित रूप से एक फैनगर्ल मोमेंट था क्योंकि एक्ट्रेस का माही से मिलकर खुशी का ठिकाना न रहा. लेकिन जब उन्होंने धोनी को थाला बताया तो कई यूजर्स ने उन फोटो पर प्रतिक्रिया दी है. फैन्स ने लिखा, 'अजीत कुमार हमारे इकलौते थाला हैं.' एक अन्य ने लिखा, 'तमिलनाडु में केवल थाला ही हमारा #AK #AjithKumar है. धोनी को थला मत कहो.'

## माही की पूजा करती हैं अभिनेत्री की सास

जानकारी के लिए बता दें कि तमिल में थाला का अर्थ नेता होता है और सुपरस्टार अजित कुमार ने अपने प्रशंसकों से यह उपनाम अर्जित किया है. हालांकि, वे खुद भी लोगों से ये कहलवाना पसंद नहीं करते और कई दफा भी चुके कि उन्हें उनका नाम लेकर पुकारा जाए. एक अन्य पोस्ट में, खुशबू ने तस्वीरों की एक सीरीज साझा की, जिसमें क्रिकेटर उनकी सास के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक आभार पोस्ट लिखा और लिखा, 'हीरो बनाए नहीं जाते, वे पैदा होते हैं. धोनी ने साबित किया हमारे सीएसके त्तथाला के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं.' धोनी उनकी गर्मजोशी और आतिथ्य पर मेरी सास से मिले, जो 88 साल की उम्र में धोनी की पूजा करती हैं और उनके आगे कुछ नहीं देख सकतीं. माही, आपने उसके जीवन में कई साल अच्छे स्वास्थ्य और खुशियां जोड़ी हैं. इसके लिए आपको मेरा प्रणाम. इसे संभव बनाने के लिए @ChennaiIPL को मेरा आभार. ।

# पाकिस्तान छोड़ा खतरनाक बीमारी को तोड़ा IPL में मचाया धमाल

## पंजाब के खिलाड़ी का सचिन से है खास कनेक्शन



**नई दिल्ली,यशभारत।** आखिरकार सिकंदर रजा ने खुद को साबित कर दिया. 2022 टी20 वर्ल्ड कप से चर्चा में आए पाकिस्तानी मूल के जिम्बाब्वे के क्रिकेटर सिकंदर रजा को पंजाब किंग्स ने 50 लाख रुपये में खरीदा था. आईपीएल में डेब्यू कर रहे सिकंदर की शुरुआत अच्छी नहीं रही. 3 मैचों में वह 16, 1 और 5 का स्कोर ही कर सके. इन मुकाबालों में उन्हें विकेट भी एक ही मिला. हालांकि, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सिकंदर रजा ने नाकामियों को पीछे छोड़ते हुए साबित किया कि वह सही मायनों में मैच विनर ऑलराउंडर हैं.लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सिकंदर रजा ने अपने 2 ओवर के स्पेल में 19 रन देकर 1 विकेट लिया. दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर ने दीपक हुड्डा को पवेलियन की राह दिखाई. सिकंदर ने एक कैच भी लपका. 160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब ने 45 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे. इस स्थिति में सिकंदर ने मोर्चा संभाला. उन्होंने 35 गेंदों में आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक ठोका. प्लेयर ऑफ द मैच सिकंदर ने 41 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्के जड़ कुल 57 रन बनाए.

### कैंसर से करियर खत्म होने की थी आशंका

पाकिस्तान में जन्मे सिकंदर रजा 2002 में जिम्बाब्वे आ गए थे. उन्होंने 2013 में जिम्बाब्वे के लिए तीनों फॉर्मेट में अपना डेब्यू किया. एक वक्त खतरनाकर बीमारी की वजह से सिकंदर रजा का करियर खत्म होता नजर आ रहा था, लेकिन इस ऑलराउंडर ने ना सिर्फ मैदान में वापसी की बल्कि बेहतरीन प्रदर्शन भी किया.

सिकंदर रजा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि कुछ साल पहले अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान मुझे दाएं हाथ में दर्द महसूस हुआ. इसकी वजह से मैं रातभर सो नहीं पाता था, नींद की गोलियां खाने के बावजूद. मैंने इसी हालत में कई मैच खेले. घर आने के बाद टेस्ट कराने पर बोन मैरो में इंफेक्शन का पता चला. डॉक्टर ने बताया कि इसकी वजह से मेरे कंधे की हड्डियां बेहद कमजोर हो गई हैं और ये सिर्फ गेंद थ्रो करने से भी टूट सकती हैं. उन्होंने बायोप्सी की सलाह देते हुए कैंसर होने की आशंका भी जताई. सिकंदर रजा ने बताया, इंफेक्शन का पता चलने के 48 घंटे के अंदर मैंने सर्जरी कराई. बायोप्सी में कैंसर को लेकर रिपोर्ट नेगेटिव आई. हालांकि, डॉक्टर ने कहा कि पूरी तरह फिट होने में वक्त लगेगा और अगले छह महीने तक दवाएं लेनी होंगी. सिकंदर रजा का सचिन तेंदुलकर से भी खास कनेक्शन है. दरअसल, मास्टर ब्लास्टर की तरह सिकंदर का जन्मदिन भी 24 अप्रैल को ही होता है.

# पृथ्वी शॉ अगले मैच में बाहर होंगे?

## भड़के डेविड वॉर्नर, बोले- रन आउट से समझौता..

नई दिल्ली, ईएमएस। आईपीएल 2023 का 20वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने बेहतरीन जीत दर्ज की. आरसीबी ने इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया. दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल 2023 में हालत बेहद खराब है. टीम अपने पांचों मुकाबले हारी है. पृथ्वी शॉ बेहद ही खराब प्रदर्शन कर रहे हैं. इसके अलावा उनके कई खिलाड़ी कुछ खास परफॉर्म नहीं कर पा रहे हैं। डेविड वॉर्नर ने मैच के बाद कहा, मैंने मैच शुरू होने के दौरान ही कहा था कि हमें बैटिंग और बॉलिंग दोनों में बेहतर प्रदर्शन करना है. लेकिन फिर से हम ऐसा करने में विफल रहे. आज हमने बेहद ही खराब प्रदर्शन किया. हमने शुरुआत में ही जल्दी विकेट खो दिया. लक्ष्य का पीछा करना आसान होना चाहिए था. लेकिन यह नहीं हुआ टी-20 फॉर्मेट में आपको रन आउट जैसी चीजों से समझौता नहीं करना चाहिए. इससे आपको मैच की कीमत चुकानी पड़ सकती है.



### पृथ्वी शॉ हुए थे रन आउट

पृथ्वी शॉ इस समय बेहद ही खराब फॉर्म में चल रहे हैं. अब तक आईपीएल में वह पांच मुकाबले खेल चुके हैं. लेकिन किसी भी मैच में उनका बल्ला नहीं चला है. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ वह शून्य पर ही आउट हो गए. वह आरसीबी प्लेयर अनुज रावत के हाथों रन आउट हो गए थे.

# रीजन स्तरीय जैन प्रीमियम लीग 2023 का शानदार आगाज

## जबालीपुरम, कटनी रॉयल, मैन इलेवन शहपुरा की शानदार जीत दर्ज

**जबलपुर,यशभारत।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन महाकोशल विंध्य रीजन के तत्वावधान में रीजन स्तरीय जैन प्रीमियम लीग 2023 में रेलवे स्टेडियम में खेली जा रही है जिसमें जबालीपुरम, कटनी रॉयल, शहपुरा ने शानदार जीत दर्ज कर अगले चक्र में आसानी से प्रवेश किया। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि विनय सक्सेना विधायक उत्तर मध्य क्षेत्र जबलपुर एवं विपुल बांझल राष्ट्रीय महासचिव दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन थे।ध्वजारोहण मुल्क राज अंजलि बादशा द्वारा किया गया । दीप प्रज्वलन डॉ शुभि अर्जित जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजीव गिरधरवाल राष्ट्रीय चेयरमैन जेपीएल 2023, अखिलेश जैन सी ए, राजेंद्र सेठी, अनुपम बेंटिया पार्षद एवम् सत्येंद्र जैन जुग्गू अध्यक्ष पिसनहारी मढिया तीर्थ जबलपुर उपस्थित थे। इस के पश्चात 10- 10 ओवर के 4 लीग मैच खेले गए। उद्घाटन मैच जबालीपुरम टीम का संस्कारधानी टीम से हुआ जिसमें जबालीपुरम टीम 149 रन बनाकर 79 रन के विरुद्ध 70 रन से विजयी रही। नगर बी टीम का कटनी रॉयल टीम से मैच प्रारंभ हुआ, जिसमें कटनी रॉयल ने 9 विकेट पर 74 रन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक बना लिए थे। दिन के तीसरे मैच में शहपुरा की टीम ने रॉयल कटनी को 8 विकेट से हरा दिया। चौथे मैच में मैन इलेवन ने शहपुरा को हराया ।अनिरुद्ध को मेन ऑफ मैच और मेहुल को बेस्ट बैट्समैन, पुष्कर को बेस्ट बोलर का पुरुस्कार मिला। टेनिस बॉल से 10- 10 ओवर के लीग मैच खेले जा रहे हैं। मैच के दौरान महाकोशल विंध्य रीजन के अध्यक्ष इंजीनियर प्रदीप ममता जैन, सचिव श्रीमती साधना दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष हेमंत सतना जैन एवं रीजन चेयरमैन दिलीप संगीता जैन सुनील शैला जैन भेड़ाघाट एवं प्रदीप रश्मि जैन ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील विशेष सहयोगी की है ।







# रंग संसार

# कहीं भी जाने को तैयार हूं, बस..., साउथ इंडस्ट्री में काम करने के सवाल पर बोले अनिल कपूर

**मुंबई, ईएमएस। अनिल कपूर हाल ही में रिलीज हुई द नाइट मैनेजर में नजर आए हैं। इस सीरीज में उनके साथ आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धूलिपाला नजर आए। डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण अब लोगों तक मूल कंटेट आसानी से पहुंच जाता है।**



अनिल कपूर हिंदी सिनेमा में काफी समय से सक्रिय हैं। उन्होंने एक से बढ़कर फिल्में दी हैं। अनिल कपूर अपनी फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि वह अपनी उम्र के साथ और जवान होते जा रहे हैं। हाल ही में उनकी वेब सीरीज द नाइट मैनेजर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। अब वह बहुत जल्द फाइटर और एनिमल में नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने साउथ फिल्मों में काम करने पर बात की।

## डिजिटल प्लेटफार्म अच्छा साधन है

अनिल कपूर हाल ही में रिलीज हुई द नाइट मैनेजर में नजर आए हैं। इस सीरीज में उनके साथ आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धूलिपाला नजर आए। डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण अब लोगों तक मूल कंटेट आसानी से पहुंच जाता है। जब लोगों को इस बारे में पता नहीं था तब चीजें आसानी से नहीं मिल पाती थीं, लेकिन आजकल डिजिटल प्लेटफार्म की वजह से लोगों को मौलिक कंटेंट के बारे में पता लग जाता है। अंतरराष्ट्रीय कंटेंट भी दर्शकों के लिए सुलभ है।

## रीमेक फिल्मों पर बोले अनिल कपूर

रीमेक और साउथ सिनेमा में काम करने के सवाल पर अनिल कपूर ने कहा, %अमेरिकन शो होमलैंड इजरायली शो प्रिजनर्स आफ वार से प्रेरित होकर बना है। मेरी फिल्म वो सात दिन, बेटा, विरासत, जुदाई किताबों पर आधारित थीं। जो कहानियां अच्छी होती हैं, उन पर कभी शो बनते हैं, तो कभी फिल्में। हम बतौर कलाकार स्क्रिप्ट सुनते हैं, फिर देखते हैं कि उसके पीछे कौन निर्माता है, कौन निर्देशित कर रहा है। सब चीजें सही हो जाती हैं तो हम हां कर देते हैं।

## साउथ इंडस्ट्री में जाने पर दिया ऐसा रिएक्शन

बता दें कि बीते दिनों अनिल कपूर ने कांतारा के निर्देशक ऋषभ शेट्टी के साथ काम करने की इच्छा जताई थी। इस बारे में जब अनिल कपूर से सवाल किया गया कि क्या उनका झुकाव दक्षिण की ओर हो रहा है, तो अभिनेता ने कहा, मैं कहीं भी जाने को तैयार हूं, बस रोल अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो और थोड़े बहुत पैसे मिल जाएं।

# रामायण के इस एपिसोड ने अपने नाम किया था वर्ल्ड रिकॉर्ड, लक्ष्मण ने वीडियो साझा कर कहा धन्यवाद

**मुंबई, ईएमएस।** कोरोना महामारी में इस सीरियल को दोबारा टेलीकास्ट किया गया था, जिसमें इस सीरियल ने एपिसोड्स ने रिकॉर्ड तोड़ टीआरपी हासिल की थी। अब इस सीरियल के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। तो चलिए जानते हैं आखिर मामला क्या है।

'रामायण' का नाम सुनते ही आंखो के सामने रामानंद सागर की 'रामायण' आ जाती है। यह शो 80 के दशक की वह खूबसूरती है, जब मेगा सीरियल रामायण का टेलीकास्ट टीवी पर हर रविवार को किया जाता था। इस दिन सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता था। लगभग हर घर में सीरियल के पात्रों की चर्चा जरूर रहती थी। कोरोना महामारी में इस सीरियल को दोबारा टेलीकास्ट किया गया था, जिसमें इस सीरियल ने एपिसोड्स ने रिकॉर्ड तोड़ टीआरपी हासिल की थी। अब इस सीरियल के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। तो चलिए जानते हैं आखिर मामला क्या है।



## सुनील ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

हाल ही में, लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा करते हुए ऑडियंस को यह याद दिलाया है कि तीन साल पहले 16 अप्रैल 2020 को ही उस एपिसोड को टेलीकास्ट किया गया था जिसमें लक्ष्मण और मेघनाद का युद्ध दिखाया गया था। दर्शकों ने इस एपिसोड को इतना पसंद किया कि इसे 77.7 मिलियन व्यूअरशिप मिली। बता दें कि इसे तब 7.7 करोड़ लोगों ने देखा था, जोकि एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था।

# छह साल तक नहीं की फोन पर बात...',मानसिक बीमारी से जूझे हनी सिंह का वर्षों बाद छलका दर्द

मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड के जाने माने सिंगर और रैपर हनी सिंह अक्सर ही सुर्खियों में बने रहते हैं। वह इन दिनों अपने नए म्यूजिक एल्बम 3.0 को लेकर खबरों में बने हुए हैं। हनी सिंह अपने इस एल्बम का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। हालांकि रैपर अपने इस एल्बम के चलते विवादों में भी फंसते हुए नजर आ रहे हैं, जिसको लेकर हनी सिंह ने खुलकर बात की है और ट्रोल्स को मुंह तोड़ जवाब भी दिया है। अब इसी बीच रैपर ने अपनी जिंदगी के सबसे बुरे फेज के बारे में बात की और यह खुलासा किया कि वह पिछले सात साल से डिप्रेशन से जूझ रहे थे।

## खतरनाक मानसिक बीमारी का किया खुलासा




हाल ही में, हनी सिंह ने खुलासा किया कि कैसे खतरनाक मानसिक लक्षण से उन्होंने मुक्ति पाई। रैपर ने बताया कि शुरू में तो उन्हें पता ही नहीं चला कि आखिर उनके साथ क्या हो रहा है। उस समय वह किंग खान यानी शाहरुख खान के साथ और बाकी अपने काम के चलते वर्ल्ड टूर कर रहे थे, लेकिन इस टूर के दौरान जब उन्हें खतरनाक मानसिक लक्षण दिखने लगे तो वह भारत लौट आए और अपना इलाज करवाने लगे।

## बीमारी से निकलने में लगा वक्त

रैपर ने आगे कहा, फ्मैं समझ नहीं पा रहा था कि मुझे क्या हो रहा है। मुझे टूर के दौरान कुछ प्रॉब्लम्स महसूस हुए। एक शो में हालत ही बिगड़ गई। मुझे खतरनाक मानसिक लक्षण दिखे। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा हैय़ मैं बस घर जाना चाहता था. मैंने टूर बीच में छोड़ दिया और घर आ गया। मैंने एक डॉक्टर को दिखाया और उसे भी समझ नहीं आया। आज के समय में मानसिक हेल्थ को मानते हैं, उनकी प्रॉब्लम ये है कि भारत के पास पर्याप्त डॉक्टर्स नहीं हैं। मैं यही कहना चाहता हूं।

एक्टिंग के बाद राइटिंग और डायरेक्शन में किस्मत आजमाने जा रहे रणदीप, एलान कर जाहिर की खुशी

इससे पहले दिए एक इंटरव्यू में हनी सिंह ने अपने इस एल्बम के लिरिक्स के चलते चल रहे विवाद को लेकर बात की है। कहा जा रहा था उनके गानों में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल होता है, इसको लेकर उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता तो लोग मेरे गाने क्यों सुनते ? अगर मेरे गानों में महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द होते हैं तो फिर कोई भी मुझे अपनी बेटी की शादी में परफॉर्म करने के लिए क्यों बुलाता? बहुत सारे भाई बहन मेरे गानों पर डांस करते हैं। मैंने बीते 15 वर्षों में कई शादियों और पार्टियों में परफॉर्म किया है।



# पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने श्रीदेवी को किया याद, बॉलीवुड फिल्मों में फिर करना चाहती हैं काम

**मुंबई, ईएमएस।** दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी के साथ फिल्म मॉम से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली पाकिस्तानी अदाकारा सजल अली अपने लेटेस्ट बयान को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। एक्ट्रेस ने एक बार फिर से बॉलीवुड फिल्मों में काम करने की इच्छा जाहिर की है। सजल ने कहा है कि उन्हें आश्चर्य है कि कलाकारों को अलग करने वाली सीमाएं कब मिटेंगी।



सजल अली ने कहा है, मैं भारत में फिर से काम करना पसंद करूंगी लेकिन मुझे नहीं पता कि कब। देखते हैं कि भविष्य में मेरे लिए क्या रखा है? मैं इस बारे में वर्षों से बात कर रही हूं। मुझे नहीं लगता कि कला और कलाकार के बीच राजनीति आनी चाहिए और मुझे उम्मीद है कि यह दीवार जो इंडिया और पाकिस्तान के बीच में है खत्म हो।

सजल अली भले ही बॉलीवुड फिल्मों से दूर हैं, लेकिन वह जल्द ही भारतीय फिल्म मेकर शेखर कपूर और एक्ट्रेस शबाना आजमी के साथ अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म व्हाट्स लव गॉट टू डू विद इट? में नजर आएंगी। यह फिल्म अरेंज्ड मैरिज के कॉन्सेप्ट के जरिए क्रॉस-कल्चरल कॉन्फ्लिक्ट्स की पड़ताल करेगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक सपने के सच होने का क्षण था।

इसी इंटरव्यू में, एक्ट्रेस ने श्रीदेवी के साथ अपने बंधन और फिल्म मॉम में काम करने के बारे में बात की। सजल ने कहा, मैं श्रीदेवी जी के बहुत करीब थी। वह दुर्भाग्य से बहुत जल्द हमें छोड़कर चली गईं। मैंने वास्तव में उनके और मेरे रिश्ते के बारे में कभी बात नहीं की है लेकिन मेरा कहना है कि यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम कलाकार दोनों देशों के तनाव में फंस जाते हैं। जब मैंने बॉलीवुड में काम किया, तो मुझे बहुत प्यार और सम्मान मिला, जो आज तक मेरे दिल के करीब है।श्रीदेवी को याद करते हुए सजल ने आगे कहा, वह मेरी मां की तरह थीं। हमारे बीच सिर्फ काम का रिश्ता नहीं था, यह उससे कुछ अधिक था। जब मैं मॉम की शूटिंग कर रही थी, तब वह भारत आई थीं और मेरी मां से मिली थीं। फिल्म रिलीज होने से पहले मेरी मां हमें छोड़कर चली गई और फिर कुछ महीनों के बाद श्रीदेवी जी सच में हमें छोड़कर चली गईं। यह बहुत ही भावनात्मक बंधन था। हम घंटों फोन पर बातें किया करते थे, जहां वो बिल्कुल अपनी बेटी की तरह मेरा मार्गदर्शन करती थीं।

# माता-पिता का विपरीत परिस्थितियों में भी करें सम्मान: डॉ. अनुराग सोनी

## देश के टॉप 100 स्कूलों में से एक शहर का ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल ऑफ इंग्लिश

**जबलपुर,यशभारत। बच्चों को अपने माता-पिता के प्रति हमेशा सम्मान की भावना रखना चाहिए । चाहे परिस्थितियां कैसीं भी हों। परिवार में कंट्रोल रहेगा तो बच्चे को संस्कार अच्छे मिलेंगे और वह एक बेहतर संस्कार के साथ पढ़ाई के क्षेत्र में तरक्की करेगा। ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. अनुराग सोनी ने पत्रकार विवेक दुबे से इंटरव्यू के दौरान यह संदेश शहर के बच्चों को दिया।**



ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल ऑफ इंग्लिश के संचालक डॉ. अनुराग सोनी से यश भारत की चर्चा.....

इस दौरान डॉ. सोनी ने कहा कि मैंने अभी तक 13 पुस्तकें लिखीं हैं जो कि विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी हैं। अटल इनोवेशन लैब में पूरे भारत के टॉप 100 स्कूलों में ब्रिटिश स्कूल का नाम शामिल है जो कि संस्था की उपयोगिता का खुद ही साबित कर रहा है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1997 में ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के स्कूल की स्थापना हुई। डॉ. अनुराग सोनी के ब्रिटिश स्कूल का 1997 से शुरू हुआ सफर अभी भी जारी है, जिसका नतीजा है कि शहर में ब्रिटिश स्कूल की 6 ब्रांचेस वर्तमान में संचालित की जा रही हैं। शिक्षा के लिए किए गए कामों के लिए डॉ. अनुराग सोनी को देश-विदेश में सराहना मिली है। जिस दौरान डॉ. सोनी ने अमेरिका, इंग्लैंड, फिनलैंड और ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण भाषण दिए हैं।

**सवाल 1 -वर्तमान युग में अंग्रेजी भाषा का कितना महत्व है और यह आज के समय में दिनों-दिन जरूरी क्यों होता जा रहा है ?**

**जवाब-** अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आज के हर विद्यार्थियों के जीवन में होना बहुत जरूरी है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि अगर किसी विद्यार्थी को आसमान छूना है तो उसे हिन्दी के साथ अंग्रेजी का दामन पकड़कर रखना होगा। इसी सोच के साथ मैंने ब्रिटिश स्कूल ऑफ इंग्लिश संस्था खोली है। मैंने देखा है कि जबलपुर के कई एक से बढ़कर एक होनहार छात्र अखिल भारतीय परीक्षाओं में कमजोर पड़ जाते हैं क्योंकि उनकी अंग्रेजी कमजोर होती है। इसलिए विद्यार्थियों को टॉप पर जाने के लिए अंग्रेजी के महत्व को समझना होगा।

**सवाल 2- आपके विद्यार्थियों का आपके जीवन में कितना महत्व है ?**

**जवाब-** मेरे स्कूल और कोचिंग संस्था में पड़ने वाले हर एक विद्यार्थी को मैं विजेता बनाना चाहता हूं क्योंकि मेरे संस्थान में पड़ने वाला हर एक विद्यार्थी मेरा पूरा जीवन है। और मैं अपने जीवन को बहुत ऊंचाईयों तक ले जाना चाहता हूं।




**सवाल 3- पहले स्कूलों में ब्लैकबोर्ड पर लिखकर स्कूलों में पढ़ाई कराई जाती थी अब अधिकतर डिजिटल क्लासेस कई स्कूलों में लग रहीं हैं, बच्चों को समझ में यह मॉडर्न पैटर्न आ रहा है क्या?**

**जवाब-** आजकल छोटे से छोटा बच्चा एंड्रायड मोबाइल के हर फंक्शन बेहतरीन तरीके से जानकर मोबाइल का उपयोग कर रहा है। मैं नहीं मानता कि डिजिटल क्लासेस से कराई जा रही पढ़ाई छात्र-छात्राओं को समझ नहीं आती हो।

**सवाल- 4- आपके पास इतनी अच्छी रेलवे की सरकारी नौकरी थी इसे छो ?ने की कोई खास वजह?**

**जवाब-** वर्ष 2001 में रेलवे में ऑडिटर की नौकरी मुझे मिली थी। मैं शुरू से ही देखता रहता था कि अपने मध्यप्रदेश के विद्यार्थी अंग्रेजी में कमजोर होने के कारण कहीं न कहीं पिछड़ रहे हैं और दूसरे प्रदेश के विद्यार्थी आगे बढ़ते चले जा रहे हैं। इसके बाद मैंने अपने जीवन का सबसे कठिन फैंसला लिया और रेलवे की नौकरी छोड़ दी। नौकरी छोड़ते ही मैंने संकल्प लिया कि अब छात्र-छात्राओं के बीच में जाकर मैं उन्हें अंग्रेजी भाषा का बेहतरीन ज्ञान दूंगा और उन्हें पढ़ाई के क्षेत्र में विजेता बनाकर ही छोड़ूंगा।

**सवाल- 5 —अंग्रेजी और हिन्दी भाषा दोनों का विद्यार्थियों के जीवन में महत्व है?**

**जवाब-** विद्यार्थियों के जीवन में हिन्दी और अंग्रेजी भाषा दोनों का बहुत महत्व है। इन दोनों भाषाओं का ज्ञान होने के साथ विद्यार्थियों को लेखनी शक्ति बढ़ाने का प्रयास भी करना चाहिए।



# गैंगस्टर का अंदाज अपनाकर सड़क पर दौड़ा रहा था जीप

## रांझी पुलिस ने वाहन किया जप्त

**जबलपुर,यशभारत।** बड़े-बड़े टायर, खुली छत और गैंगस्टर वाले अंदाज के साथ देर रात करीब 2 बजे सड़क पर फर्राटे से भगा रहे जीप के चालक को रांझी पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान बड़ा पत्थर क्षेत्र से पकड़ लिया। इस दौरान रांझी टीआई सहदेव साहू ने मानेगांव मुखर्जी चौक के पास रहने वाले आशीष दुबे 22 वर्ष को रोककर उससे जीप के संबंध में कागजात मांगे। जिस पर वह रजिस्ट्रेशन के संबंध में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद पुलिस ने आशीष दुबे की जीप क्रमांक आरजे 16 सी 2653 को जप्त किया और आशीष के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते हुए कार्यवाही की। रांझी टीआई सहदेव साहू ने बताया कि देर रात एसपी तुषारकांत विद्यार्थी के आदेश पर रांझी पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की जा रही थी कि तभी तेज रफ्तार से भाग रही बड़ा पत्थर के पास एक जीप आती दिखी जिसे रोकते हुए जब चालक रजिस्ट्रेशन के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दे पाया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की गई।

# जहरीली शराब बेचने पर 3 साल का सश्रम कारावास

**जबलपुर,यशभारत।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा सोहराब उर्फ सुरकब और सुहेल खान थाना हनुमानताल को आबकारी एक्ट के तहत दोष सिद्ध पाते हुए तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है और साथ ही दोनों पर एक-एक लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। घटना 23 नवम्बर 2022 की थी जहां हनुमानताल पुलिस ने गोलू उर्फ सोहेल खान निवासी खेरमाई मंदिर को गिरफ्तार किया था जिस दौरान उसके पास से पुलिस ने कच्ची महुआ शराब जप्त की थी। आरोपी ने पूछताछ के दौरान उक्त शराब सोहराब उर्फ सुकराब से बेचने के लिए लिया था। उप-संचालक अभियोजन विजय कुमार उईके व जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भारती उईके व कल्पना मुवेल द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई।





# टैगोर गार्डन में चाकू लेकर घूम रहा युवक शक्ति टास्क फोर्स ने दबोचा

**जबलपुर, यश भारत।** शहर को छेड़ाछाड़ मुक्त करने और बेटियों को सुरक्षित करने की दृष्टि से एसपी टीके विद्यार्थी के द्वारा गठित की गई शक्ति टास्क फोर्स ने टैगोर गार्डन में चाकू खोंसकर घूम रहे एक युवक को पकड़कर कैंट पुलिस के हवाले किया है। पकड़े गए युवक का नाम आयुष यादव उम्र 18 वर्ष निवासी संजय नगर अधारताल सामने आया है जिसके खिलाफ कैंट पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। रविवार को शक्ति टास्क फोर्स ने एकादशी पर्व होने के कारण ग्वारीघाट क्षेत्र में भी भ्रमण किया। गार्डन में चाकू खोंसकर घूमते हुये युवक को रंगे हाथ पकड़ने में टीम प्रभारी उप निरीक्षक निकिता शुक्ला, आरक्षक रतिराम, सुमन सौरभ, महिला आरक्षक जागृति पाण्डे, वर्षा ,खरे, भागवती द्विवेदी, मोनिका बघेल की अहम भूमिका रही।

**बेचना है**
बरगी और बरगी बांध के बीच में सहजपुरी गांव में मेनरोड से लगी 18000 हजार फुट प्लाट डायवर्सन किया हुआ ढावा, होटल, वियर हाउस, पेंट्रोलपंप के लिए उपयुक्त। सामने आसपास मकान बने हैं। प्लेन जमीन 250 रुपए फुट।
संपर्क : 9399852725
(22 अप्रैल)

# पटवारी की परीक्षा देने पहुंची महिला का परीक्षा केंद्र संचालक से हुआ जमकर विवाद

**जबलपुर,यशभारत।** पटवारी की परीक्षा देने गई महिला निर्धारित समय के बाद परीक्षा केंद्र पहुंची तो उसे परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं प्रवेश दिया गया जिसके बाद आक्रोशित महिला ने पाटन बायपास स्थित लक्ष्मीबाई साहू इंस्टीट्यूट में जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। जिसके बाद महिला ने माढ़ोताल पुलिस थाना पहुंचकर लक्ष्मीबाई साहू इंस्टीट्यूट के संचालक के खिलाफ शिकायत करते हुए बताया कि संचालक ने उसके साथ व परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का-मुक्की की है।

रामपुर निवासी प्रतीक्षा दुबे ने लक्ष्मीबाई साहू इंस्टीट्यूट के संचालक के खिलाफ पुलिस से कार्यवाही की

## माढ़ोताल पुलिस थाना पहुंची शिकायत

मांग की है। उधर माढ़ोताल टीआई रीना पांडे ने बताया कि महिला द्वारा शिकायत पत्र दिया गया है, जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। महिला का कहना था कि उसके परिवार में उसके बड़े पिताजी का निधन हो गया था जिस कारण वह कुछ ही देर लेट हुई थी। पटवारी की परीक्षा का समय दोपहर ढाई बजे से 5 बजे तक का था और वह 2 बजकर 10 मिनट पर पहुंची थी। उधर परीक्षा केंद्र प्रभारी का कहना था कि 2 बजे परीक्षा की लॉगिन हो चुकी थी इसलिए महिला को प्रवेश नहीं दिया गया। जानकारी के अनुसार प्रतीक्षा दुबे पटवारी की परीक्षा देने पाटन बायपास स्थित लक्ष्मीबाई साहू इंस्टीट्यूट अपने भाई के साथ पहुंची थी।



# पुलिस की नाकाबंदी देख शराब छोड़ भागा तस्कर

**जबलपुर, यश भारत।** कटंगी पुलिस ने सांई मंदिर के पास नाकाबंदी करते हुए तस्कर को पकड़ने जाल बिछाया लेकिन तस्कर दूर से ही पुलिस को देख बाइक और शराब छोड़ भाग निकला। पुलिस ने बिना नंबर की पल्सर गाड़ी के साथ 4 प्लास्टिक की बोरियों में रखी करीब 30 हजार रुपए की 308 पाव देशी शराब जप्त की है। पुलिस अब आरोपी चालक की तलाश कर रही है। यह जानकारी कटंगी टीआई शिवमंगल सिंह ने देते हुए बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।



INDIA'S BIGGEST CONSUMER & HANDLOOM EXHIBITION
Gurleen MEGA TRADE FAIR
SOCIAL MEDIA PARTNER HAMARA Jabalpur
2 से 30 अप्रैल
TIMINGS: 4PM - 10PM
For More Info: 92155-56345 81031-02769
पोली पाथर सर्कस ग्राउंड, साउथ वेन्यू मॉल के पास, गोरीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.)

Trusted G.S.ELECTRONIC
हर रेंज में कूलर ही कूलर
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध हैं।
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL , JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

केला चिप्स AK's चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना रोस्टेड पी नट नमकीन चिक्की ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर मोबा. 7987145201, 9993418910

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजैंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

एडमीशन ओपन
ëA name of Quality Educationí
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/ICSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रेल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
लिमिटेड सीट
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

क्या आप घुटने का दर्द, जोड़ों के दर्द से परेशान है?? क्या आपको जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई है?
मिलिए जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला से
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
हड्डी रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट
डॉ. विकास सावला
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
+91-9106804465
7000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स कुल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन
न्यूनतम चीरा
फास्ट रिकवरी
उपचार चुने , डर नहीं
जबलपुर में मिलने का पता
संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक गोमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर +91-9301970385, 8225988303 प्रतिदिन दोपहर: 12 बजे से शाम 05 बजे तक
शैल्बी हॉस्पिटल विजय नगर ,जबलपुर 93019 70385 शाम 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )